



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित






डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चौथी तिमाही के नतीजे घोषित | सम्पादकीय मिठास का वार | FD पर ज्यादा रिटर्न के लिए सही जगह करें निवेश 5



वर्ष 18 ● अंक 65 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | भोपाल, रविवार 21 अप्रैल 2024 | email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# राहुल को अमेठी छोड़कर भागना पड़ा, वैसे ही वायनाड छोड़कर भागेंगे : पीएम मोदी



आर.एन.एस.

**नांदेड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। नांदेड़ के बाद पीएम मोदी ने परभणी भी जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, %2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। 5 साल बाद 2019 में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी।% पीएम मोदी ने आगे कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक की बात सुनकर शौर्य की ये धरती महाराष्ट, भी गर्व से भर गई थी। हिंदुस्तान के हर नागरिक को इस पर गर्व हुआ था। एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। हमारी सरकार हर जाति, पंथ के लिए काम करती है।पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या? मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर एनडीए को वोट दीजिए। एनडीए को वोट करना है। आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। कांग्रेस गरीब, दलित, वंचित, मजदूर किसान के विकास के सामने हमेशा दीवार बनकर खड़ी है। आजादी के 6 दशक बाद हमने करोड़ों गरीब महिलाओं को शौचालय देने का अभियान छेड़ दिया। तब कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले लोग मजाक उड़ाते थे।पीएम ने नांदेड़ में इंडी गठबंधन को लेकर यह भी कहा कि आपकी समस्याओं का ये कभी समाधान कर सकते हैं क्या? कांग्रेस ने दशकों तक महाराष्ट्र और विदर्भ-मराठवाड़ के आसपास दम घोंटने वाला काम किया है। इस क्षेत्र में सूखे की स्थिति पानी का संकट एक दिन में नहीं पैदा हुआ है। कांग्रेस के रवैए के चलते किसान कमजोर होते गए। लाखों युवाओं को पलायन करना पड़ा।

# हम इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लाएंगे : निर्मला सीतारमण

### सुप्रीम कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक बताया था

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर फिर विवाद हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को फिर से वापस लाएंगे। इसके लिए पहले बड़े स्तर पर सुझाव लिए जाएंगे। सरकार के दोबारा से इलेक्टोरल बॉन्ड लाने की बात पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस बार वे कितना लूटेंगे। इससे पहले 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।

जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा- हम जानते हैं कि भाजपा ने पेपीएम ने घोटाले से 4 लाख करोड़ की लूट की। अब वे लूट जारी रखना चाहते हैं। जरा इन तरीकों पर ध्यान दें। पेपीएम 1- चंदा दो, धंधा लो। 2. पोस्टपेड घूस- ठेका दो, रिश्वत लो। प्री-पेड और पोस्टपेड के लिए घूस- 3.8 लाख करोड़। 3. पोस्ट-रेड घूस- हफ्ता वसूली। पोस्ट-रेड घूस की कीमत- 1853 रुपए। 4- फर्जी कंपनियां- मनी लॉन्ड्रिंग। फर्जी कंपनियों की कीमत- 419 करोड़। अगर वे जीते और इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लेकर आए तो इस बार कितना लूटेंगे? कपिल सिब्बल ने कहा- मैं निर्मला सीतारमण का सम्मान करता हूं। एक इंटरव्यू में वे कह रही हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड को फिर से लाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जब पहली बार ये स्कीम ट्रांसपेरेंसी को ध्यान में रखकर लाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि इसमें पारदर्शिता नहीं थी। वे (सरकार) इसे नॉन-ट्रांसपेरेंट तरीके से लेकर आए। अब समस्या है कि उनके पास इस चुनाव के लिए तो पैसा है, लेकिन वे ये भी जानते हैं कि अगर हार गए तो भी पैसे की जरूरत होगी। मैं मोहन भागवत से पूछना चाहता हूं कि वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं।

### इलेक्टोरल बॉन्ड से भाजपा को सबसे ज्यादा फंडिंग

2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला। 2017 के बजट में उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को पेश किया था।

# पहले निःशुल्क राशन, घर, गैस और अब श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा एवं मंदसौर में पार्टी प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होकर जनसभाओं को संबोधित किया







**खंडवा/मंदसौर।** आज देश में गाय, गंगा और गीता का मान-सम्मान बढ़ा है। इन्हीं से हमारी पहचान दुनिया में है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जब हमारे देश में अमेरिका और इंग्लैंड के राष्ट्रपति आते हैं तो उन्हें भेंट के रूप में अपनी पवित्र गीता देते हैं। यह हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि गौ रक्षा का काम करेंगे तो सबसे पहले सरकार के माध्यम से होगा। गौशालाओं की राशि भी बढ़ाकर हमने दोगुनी कर दी। राहुल गांधी कहते हैं कि इस देश में भी कई देश हैं, जो उनकी बंटवारे की मानसिकता को दर्शाता है। इस पाप और घृणित मानसिकता के लिए देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। पहले चरण के चुनाव ने बता दिया है कि कांग्रेस का कहीं अता-पता लगने वाला नहीं है। राहुल गांधी की मानसिकता और भाषा ऐसी है कि उत्तरप्रदेश से भागकर केरल पहुंचे हैं और अब पूरी पार्टी को समुद्र में डूबोकर ही मानेंगे, क्योंकि राहुल गांधी ने कभी भारत को समझा ही नहीं, भारत के हित की बात ही नहीं की। जिनके नाना, दादा, पिता ने दशकों तक सरकार चलाई, मम्मी ने रिमोट से सरकार चलाई, उन राहुल गांधी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के आदेश को सरेआम फाड़ दिया। यह बात प्रदेश के यशस्वीर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल एवं मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता की नामांकन रैली के बाद जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। डॉ. यादव ने मंदसौर में रोड शो कर जनता का अभिवादन किया।

### कांग्रेस ने कभी गरीब की चिंता नहीं की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दुनिया भर की उम्मीदें व नजरें भारत और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ओर है। यह 142 करोड़ देशवासियों का सम्मान है। जिनके नाना, दादा, पिता ने दशकों तक सरकार चलाई, मम्मी ने रिमोट से सरकार चलाई, उन राहुल गांधी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के आदेश को सरेआम फाड़ दिया। न जाने कैसी बुद्धि है, न जाने क्या सोच है? राहुल गांधी ने कभी गरीब की चिंता नहीं की। अब बेशर्मी से झूठ बोल रहे हैं कि एक बार सरकार बनवा दो, एक झटके में गरीबी दूर कर देंगे। पूरे खानदान ने सत्ता पर राज किया, लेकिन गरीबी दूर नहीं की, अब किस मुंह से झूठ बोल रहे हो। दूसरी ओर हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं, जिन्होंने कभी खुद को प्रधानमंत्री माना ही नहीं, बल्कि प्रधान सेवक मानकर पहले दिन संसद के आगे सिर झुकाकर प्रणाम किया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं, तब से आज तक एक दिन भी अवकाश नहीं लिया।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में जो अंग्रेज नहीं कर पाए, वो कांग्रेस ने किया है। आजादी के बाद देश का बंटवारा कांग्रेस के कारण हुआ। कश्मीर भारत का मुकुटमणि है, जहां धारा 370 लगाने का पाप कांग्रेस ने किया। कश्मीर में 40 हजार से ज्याभदा लोगों की हत्या का पाप कांग्रेस के सिर पर है। दूसरे कार्यकाल का अभी 5 साल पूरा नहीं हुआ, लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने धारा 370 के कलंक को भी धोने का काम किया है। जब देश का बंटवारा हुआ तो इन्होंने आश्वासन दिया था आप भले ही पाकिस्तान में रह जाओ, लेकिन हिंदुस्तान में जब आप आना चाहोगे आपका स्वागत करेंगे। इन्होंने झूठ बोलकर उनको वहां मरने के लिए छोड़ दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी टंट्या मामा को सम्मान नहीं दिया। आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझते रहे। यह हमारी सरकार है हमने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय खरगोन में खोल दिया है। कांग्रेस ने देश को हमेशा बांटा है, डराने की कोशिशें की हैं, जबकि बीते दिनों ही देखें तो देश में नवरात्रि भी धूमधाम से मनी और ईद भी मनाई गई। कांग्रेस ने हमेशा देश में हिंदू और मुसलमान को आपस में लड़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कुछ लोकसभा ऐसी हैं, जहां नामांकन करो और फिर प्रमाणपत्र लेने आओ, हमारे लिए ऐसी ही लोकसभा सीट मंदसौर है, जिसने हमेशा से जनसंघ और भाजपा को आशीर्वाद दिया है।

# आदिवासियों के साथ सिंधिया परिवार के पीढ़ियों के संबंध: केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

## आदिवासियों के साथ ज्योतिरादित्य ने बजाया ढोल



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**गुना।** गुना शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया आज बमौरी विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मारकीमहु, सुआटोर पहुँचे। यहां जनसंपर्क के दौरान आदिवासियों के परंपरागत वाद्य यंत्र ढोल पर थाप जमाई और उनके साथ खूब थिरके। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी भी मौजूद रहे।

जनसंपर्क के दौरान उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधिया परिवार से यहाँ रह रहे आदिवासी समुदाय से पीढ़ियों के संबंध हैं। ये संबंध पारिवारिक एवं हृदय के हैं राजनीतिक नहीं। यहाँ के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। चाहे वो सड़क, स्वास्थ, सिंचाई, आवास या बिजली हर क्षेत्र में कार्य किया है। आज प्रदेश एवं देश की भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आप अपना समर्थन देकर प्रधानमंत्री के हाथ को मज़बूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ये चुनाव भारत माता की अस्मिता का महायज्ञ है, सभी अपनी आहुति दें। इससे पहले शुक्रवार शाम सिंधिया गुना पहुंचे। यहां उन्होंने पांच मंडलों झागर, बजरंगगढ़, पगारा, गुना और गुना कैंट की बूथ समितियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी सिर्फ भारतवासियों के लिए नहीं है, बल्कि आज पूरा विश्व के पास मोदी की गारंटी है। कोविड काल से लेकर किसी भी युद्ध या समस्या के समय के दुनिया का हर देश मदद के लिए भारत की ओर देखता है। एक समय पर दूसरों से मदद मांगने वाला भारत आज पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहा है।यह प्रधानमंत्री मोदी का कुशल नेतृत्व ही है कि देश का 500 साल का सपना आज पूरा हुआ है। भगवान राम आज अयोध्या में स्थापित हो गए है और हाल ही में रामनवमी के पावन अवसर पर हमने सूर्य की रोशनी से भगवान राम की मूर्ति पर तिलक भी किया है। यही प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सफलता का प्रमाण है। सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले 17 दिनों का टारगेट देते हुए उन्होंने कहा कि हमें ज्ञान को हासिल करना है, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति। इन चारों के सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है।

### महारानी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने किया जनसंपर्क



**गुना।** गुना से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का परिवार चुनावी अभियान में जुटा हुआ है। उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने पिछोर, शिवपुरी में संपूर्ण दिन व्यतीत किया एवं 8 गाँवों में डोर-टू-डोर अभियान के तहत सैकड़ों लोगों से मुलाक़ात की।

अपने दौरे के दौरान उन्होंने ढला गाँव की महिलाओं के एक स्वयं सहायता समूह के साथ उनके के बीच बैठकर हरे रंग के कंगन बनाये। समूह की महिलाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ उन्हें कंगन बनाना सिखाया, और 20 मिनट व्यतीत कर प्रियदर्शनी सिंधिया ने कंगन तैयार किया। गाँव वासियों ने उत्साहित होकर पूर्ण प्रक्रिया में भाग लिया।

# पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता के निवास पर पहुंचे विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** शनिवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता के निवास पर पहुंचे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने बताया कि नगर निगम परिषद के समय से मेरे पापा जी नरेश गुप्ता के साथी पूर्व केंद्रीय मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर हमारे निवास पर आये। उनसे मिलने के दौरान लोकसभा चुनाव के संदर्भ में मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके परिषद के समय के साथी राकेश जादौन, रमेश पठारिया भी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में हमें भ्रम में नहीं रहना कि मैदान साफ है : विष्णुदत्त शर्मा

### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में सामाजिक सम्मेलन एवं गुन्नौर में त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन को किया संबोधित



पन्ना दिनांक। लोकसभा चुनाव के आने वाले चरणों में हमें भ्रम नहीं पालना है की मैदान साफ है और कोई नहीं है। यह और बड़ा चैलेंज है, इसलिए पूरी ताकत के साथ कार्यकर्ताओं को काम करना है। जनहितैषी योजनाओं को घर-घर जाकर बताकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कहनी होगी। यह चुनाव सबसे हटकर चुनाव है और देश के अंदर एक वातावरण बना हुआ है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को अबकी बार 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। देश की जनता ने अपना मानस बना लिया है इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को ज्यादा मेहनत करनी होगी कि हर सीट पर प्रचंड वोटों से जीत हासिल करके नया इतिहास रचा जा सके। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना जिले के गुन्नौर में त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कुछ बूथ हम पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे थे, लेकिन अब लोकसभा चुनाव में उन बूथों को जीतकर हमेशा के लिए हारे हुए बूथों को पार्टी का बूथ बनाना है।

खजुराहो से कौन लड़ रहा चुनाव दिखाई नहीं देता

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा खजुराहो लोकसभा सीट से पहले कांग्रेस ने मैदान छोड़ दिया,फिर समाजवादी पार्टी भी मैदान छोड़कर भाग गई। अब कोई और चुनाव लड़ रहा है, जिनका यहां कोई असर हमें दिखाई नहीं देता। गृह और सहाकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने कहा था कि कार्यकर्ताओं की ताकत कुछ भी कर सकती है। हम विधानसभा चुनाव कांग्रेस से बड़े मार्जिन से जीत कर आए और 163 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। इस बार टारगेट दिया गया है कि हर बूथ पर पहले से 370 नए मतों के साथ बड़ी जीत हासिल करनी है, ताकि सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत किए जा सके।

मोदी जी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज में बड़ा बदलाव आया

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कारण मुस्लिम समाज में अब बड़ा बदलाव आया है। तीन तलाक को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने समाप्त कर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या आयुष्मान कार्ड योजना सहित अन्य जनहितैषी योजनाएं सभी का लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है। मुस्लिम समाज की महिलाएं और पुरुष अब खुलकर कहने लगे हैं कि हमारे जीवन में अगर बदलाव आया है तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कारण आया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के कारण पूरे देश में हर वर्ग का उत्थान हुआ और हर क्षेत्र में विकास ही विकास हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि मेरी चार जातियां हैं,गरीब,किसान,महिला और युवा इन चारों जातियों को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने खूब काम किया और तेज गति से इस दिशा में काम किया जा रहा है ,ताकि 2047 तक भारत को विश्वगुरू बनाया जा सके।

# नए आपराधिक कानून तभी सफल होंगे जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे: सीजेआई चन्द्रचूड़

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआई ने ये भी कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे।

सीजेआई के मुताबिक, इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं करता। सीजेआई ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने 21 दिसंबर 2023 को पास कर दिया था। 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन करने के बाद ये तीनों बिल कानून बन गए थे। भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली ने हमारे सामाजिक-आर्थिक परिवेश में हुए तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। न्याय प्रणाली ने समाज में होने वाले अपराधों के तरीकों की एक बार फिर से कल्पना की है। तकनीकी और नए युग के अपराध के बढ़ते दायरे, जो अपराध करने और नेटवर्क बनाने के लिए डिजिटल का इस्तेमाल करते हैं, इन्हें जांच की स्थिति में नहीं रखा जा सकता। इन चीजों ने अपराधों की जांच, सबूत और अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) के साथ-साथ न्याय देने में चुनौतियां पेश की हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता डिजिटल युग में अपराधों से निपटने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। यह 7 साल से ज्यादा सजा वाले अपराधों के लिए तलाशी और जब्ती की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग और अपराध स्थल पर एक फोरेंसिक विशेषज्ञ की मौजूदगी तय करती है।

# लोकसभा चुनाव में खोलईया में हुआ 98 प्रतिशत मतदान





(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मैं शहडोंल संसदीय क्षेत्र मे 19 अप्रैल को सम्पन्न हुए मतदान दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 पुष्पराजगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 152 प्राथमिक विद्यालय खोलईया में ग्रामीण जनों ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया जिससे 98 प्रतिशत मतदान ग्रामीणो एवं बीएलओ रघुवीर प्रसाद कोल के कड़ी मेहनत से हो सका।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 पुष्पराजगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 152 में 19 अप्रैल को कुल मतदाता 426 में जिसमें 210 पुरुष एवं 216 महिला मतदाता में 206 पुरुष एवं 212 महिला मतदाता योग 418 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान के माध्यम से किया, जबकि 5 ईडीसी मतदान कर्मचारियों ने किया। इस तरह 98 प्रतिशत ग्रामीण महिला एवं पुरुष मतदाताओं के साथ 10/0 पांच पुरुष कर्मचारी मतदान हुआ, जिसने मतदान केंद्र में कुल 99 प्रतिशत मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सका। गांव की चार महिला एवं चार पुरुष मतदाता गांव से बाहर होने के कारण मतदान में भाग नहीं ले सके। अनूपपुर जिले में संभवतः की सर्वाधिक मतदान केंद्र रहा है। मतदान केंद्र में शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने के उद्देश्य से ग्राम एवं मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर रघुवीर प्रसाद कोल ने ग्राम के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए मतदान दिवस के दिन मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपना मतदान किया।

## युवक ने फांसी पर झूला, मर्ग कायम



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शादी समारोहों में फूल डेकोरेटर का काम करने वाले एक युवक ने शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बागचीनी क्षेत्र के लोंगट गांव निवासी मोनू कुशवाह 23 पुत्र श्रीनिवास कुशवाह मुरैना शहर के हनुमान चौराहा पर फूल बेचने के साथ ही शादी समारोहों में फूल डेकोरेशन का काम किया करता था। विगत 18 अप्रैल को मोनू के परिवार में शादी समारोह का आयोजन संपन्न हुआ था। शनिवार 20 अप्रैल को जब मोनू अपने घर में था, तभी अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन ने जब उसे फंदे पर झूलते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

# अज्ञात कारण से अधेड़ की मौत

## परिजनों ने लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**अनूपपुर।** जिले के चचाई थाना एवं देवहरा पुलिस चौकी अंतर्गत धिरौल गांव में विगत साम आपस में बात-चीत, मारपीट दौरान पेट में आयी। रगड़दार चोट एवं अन्य कारणों से 45 वर्षीय अधेड़ की जिला अस्पताल अनूपपुर लाने के पूर्व मौत हो गई। जिस पर ड्यूटी डॉक्टर की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कर डॉक्टर टीम से मृतक शव का पीएम कराकर गंभीरता से जांच प्रारंभ की है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना चचाई एवं पुलिस चौकी देवहरा अंतर्गत धिरौल गांव के निवासी 45 वर्षीय रामदास कोल पिता मुकुन्दी कोल जिसके साथ एक दिन पूर्व उसी के ही भतीजा लालदास पिता लल्ला कोल के साथ पुराने समय की किसी बात को लेकर बाद-विवाद हुआ रहा। जिस दौरान गाली-गलौज एवं मारपीट हुई रही जिस पर परिजनों द्वारा गांव के ही डॉक्टर से उपचार कराया गया। इसके ठीक ना होने पर रविवार की सुबह परिजनों द्वारा एंबुलेंस जिला चिकित्सालय अनूपपुर बेहोश हालात मे लाया गया, जहां परीक्षण दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित करते हुए घटना की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दिए जाने पर पुलिस द्वारा डॉक्टर टीम से मृतक के शव का शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु शव को परिजनों को सौंप कर प्रारंभिक जांच बाद घटना की डायरी थाना चचाई को भेजी है।

मृतक के पुत्र पप्पू कोल ने बताया कि उसके पिता के साथ गांव के ही लालदास कोल के द्वारा मारपीट की गई, जिससे पेट में चोट आई है, जिसका गांव में उपचार बाद ठीक ना होने से शनिवार की सुबह अनूपपुर अस्पताल ले कर आये रहे हैं, जहां पहुंचने पर डॉक्टर ने जांच करके अस्पताल लाने के पहले से पिता रामदास मौत हो जाने की बात बताई है। वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी रहा है जिसके कारण अक्सर वह बीमार भी रहता रहा,घटना की जानकारी पर हर पहलू को देखते हुए गंभीरता से मौत की जांच की जा रही है।

# श्रीमती शांति मिश्रा की सप्तम पुण्यतिथि पर 28 अप्रैल को होंगे कई कार्यक्रम

### - धवर्रा में होगा सुंदरकांड पाठ, सामग्री वितरण व भंडारा का आयोजन

## सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित स्मारिका 'सप्तम पुष्प' का होगा विमोचनः डॉ. राकेश मिश्र

### श्रद्धांजलि सभा में कई विशिष्ट जन रहेंगे उपस्थित




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**धवर्रा।** बुंदेलखंड के महान समाजसेवी, साधक और शिक्षाविद् पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की धर्मपत्नी व सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत व संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) की सप्तम पुण्यतिथि 28 अप्रैल को होगी। उत्तरप्रदेश के महोबा जिले के नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगांव) में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उनकी स्मृति में उनके आदर्शों और विचारों को साकार करने के उद्देश्य से स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए समर्पित न्यास की ओर से इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसकी पूर्णाहुति के साथ ही सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारा का वृहद् आयोजन होगा।

***सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित स्मारिका 'सप्तम पुष्प' का होगा विमोचनः डॉ. राकेश मिश्र***

वर्ष भर समाज की सेवा के लिए सक्रिय रहते हुये न्यास की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, इन उपलब्धियों पर आधारित स्मारिका 'सप्तम पुष्प' का विमोचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे।

इसे लेकर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की स्थापना माताजी के द्वारा की गई थी। उनका महाप्रयाण वर्ष 2017 में वैशाख कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को हुआ था। उनकी पुण्य स्मृति में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि न्यास की ओर से नियमित समाज की सेवा और जरूरतमंद लोगों की सहायता कार्य किया जाता है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) का जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित था। इसमें माताजी शांति मिश्रा का सदैव योगदान रहता था। इसलिए समाज की सेवा ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

***धवर्रा में होगा सुंदरकांड पाठ, सामग्री वितरण व भंडारा का आयोजन***

विदित हो कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा अनवरत समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से सेवा कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत 41 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें लाखों मरीज़ों को लाभ पहुँचा है।। छात्रों को पठन-पाठन सामग्री वितरण, गरीब व असहाय लोगों को राशन सामग्री, पर्यावरण की दृष्टिकोण से बृहद पौधा रोपण कार्यक्रम खास तौर से सतना शहर में हजारों की संख्या में पौधे लगाकर एक बड़ी मुहिम चलाई गई है तथा चार बड़ी मैराथन दौड़ सहित विविध क्षेत्रों में पं. गणेश प्रसाद मिश्र के हजारों सेवा भावी कार्यकर्ता अपने इस पुनीत कार्य में लगे हुए हैं, जिनको पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र का उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

बुंदेलखंड अंचल के महोबा जिले के एक छोटे से ग्राम धवर्रा में जन्मे व पले बढ़े एवं बड़े होकर मानव सेवा ही श्रेष्ठ सेवा के मूल मंत्र के साथ समाज सेवा के कार्य में अपने आप को जिस तरह से पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उसके लिए संपूर्ण बुंदेलखंड वासियों के मानस पटल पर उनकी स्मृतियां सदैव - सदैव जीवित रहेंगी।

# विदिशा लोकसभा के ऊमरछाल के सभी ग्रामीण भाजपा में शामिलः राजाराम शिवहरे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**विदिशा।** विदिशा लोकसभा के प्रभारी एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश मंत्री एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी राजाराम शिवहरे की विशेष उपस्थिति एवं सार्थक प्रयासों से विदिशा लोकसभा के ऊमरछाल ग्राम के सभी ग्रामवासियों ने वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर जायसवाल के अथक प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ग्राम के मुखिया अनार सिंह सहित सभी ग्राम वासियों ने बचन दिया कि इस बार राजाराम शिवहरे के दिए गए वचन एवं विश्वास पर सम्पूर्ण गांव के लोग भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी माननीय शिवराज सिंह चौहान को सर्वाधिक मतों से विजय बनाने में अपना योगदान देंगे। अभी तक हम सभी ग्राम वासी कांग्रेस को वोट देकर जिताते आयें है। लेकिन इस बार राजाराम शिवहरे के कहने पर सम्पूर्ण गांव के मतदाताओं ने मन बना लिया है कि हम सभी लोग भारतीय जनता पार्टी को ही वोट देंगे। बैठक को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री नर्वदापुरम संभाग एवं विदिशा लोकसभा के प्रभारी राजाराम शिवहरे, शंकर जायसवाल, राम नंदवंशी, अशोक चौकसे आदि ने संबोधित किया। सभी नेताओं ने एक मत से कहा कि ग्राम ऊमरछाल का एक भी वोट इस बार कांग्रेस को नहीं जायेगा। 100 प्रतिशत वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को प्राप्त होंगे। ऐसा उपस्थित सभी सज्जनों ने संकल्प लिया बैठक को संबोधित करते हुए राजाराम शिवहरे ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रत्येक नागरिक उन योजनाओं का लाभ उठाएं एवं उन लाभार्थियों से संपर्क कर उनको वोट में तब्दील करने का कार्य करें, साथ ही साथ मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का ज़िक्र करते हुए उन्होंने समस्त लाभार्थियों से निवेदन किया कि अब समय आ गया है कि समस्त मतदाता जागरूकता का परिचय देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें।





भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे के प्रदेश मंत्री नर्वदापुरम संभाग एवं विदिशा लोकसभा के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया है। सड़क, पानी, बिजली की समस्याएं संपूर्ण मध्य प्रदेश में समाप्त हो गई है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहिना, किसान सम्मान निधि, उज्जवला, प्रधानमंत्री कुटीर आयुष्मान आदि योजनाओं का लाभ सभी लोग उठा रहे हैं तो मतदान भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करना चाहिए। राजाराम शिवहरे ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो गया है और आगामी समय में भारत तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा आज भारत की तरफ कोई भी व्यक्ति या देश आंख उठाकर नहीं देख सकता। यह सक्षम नेतृत्व और प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का कमाल है जिनका लोहा संपूर्ण भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व मान रहा है वह समय दूर नहीं जब भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा और भारत सोने की चिड़िया कहलाएगा कोई भी व्यक्ति या देश अब भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकेगा, इसलिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में भाई शिवराज सिंह को प्रचंड बहुमत से विजई बनाएं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए यही मेरा सभी क्षेत्रवासियों से निवेदन है। आज से ही अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए निकल पड़े। 07 मई 2024 को पहले मतदान फिर जलपान करें। समस्त पिछड़ा वर्ग मोर्चे के पदाधिकारी से निवेदन किया और योजना बताई कि विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विजय बनाने हेतु क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर तीन तीन कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाए, ताकि नियुक्त कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं को घर से निकलकर मतदान कराने के लिए लेकर आए। इस प्रकार यदि हम 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रणबद्ध होकर कार्य करेंगे तो विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र संपूर्ण भारत में सर्वाधिक मतों से विजयी होने वाली लोकसभा होगी जिससे हमारे क्षेत्र के नागरिकों का मान-सम्मान बढ़ेगा। विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सम्मान बढ़ेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान बढ़ेगा और क्षेत्र की जनता का यह आत्मविश्वास बढ़ेगा कि हमारे मतदान का हमने सही उपयोग सही व्यक्ति के लिए किया है। इस प्रकार संपूर्ण क्षेत्र में एक जागृति का वातावरण बने ताकि संपूर्ण क्षेत्र में हर व्यक्ति मतदान करने के लिए 07 मई को प्रातः से लेकर शाम तक प्रत्येक बूथ पर मतदान कर 100 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूर्ण करें, जिसमें नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत के प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का जो लक्ष्य हम को दिया है उसको भी हम हासिल कर सके। बल्कि उसे लक्ष्य से भी ऊपर जाकर हम मतदान करें।

बैठक में शंकर जायसवाल पटेल, दादा अनार सिंह ग्राम के मुखिया, अशोक चौकसे, रामकृष्ण मीणा मण्डल अध्यक्ष, राजपाल परमार, योगेंद्र सिंह, यशवंत ठाकुर, गजराज सिंह, मोती सिंह, दीपक ठाकुर, संदीप, बृजेंद्र सिंह, दल्लू सिंह, फतेह सिंह ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, सचिन विश्वकर्मा, राहुल ठाकुर, अमन विश्वकर्मा, देवचन्द्र,नाना, देवनारायण, बबलू, मुकेश पटेल, अनार सिंह, बाबूलाल, हरि किशन, अनिल राय, सुरेंद्र चौहान, राम नंदवंशी आदि महानुभाव उपस्थित थे। बैठक का आयोजन शंकर जायसवाल द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष रामकृष्ण मीणा ने किया।

# 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंग' में हुमा कुरैशी ने कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित से कहा, 'मैंने राधिका आप्टे का इतना अच्छा संस्करण पहले कभी नहीं देखा'

इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जहाँ दर्शकों को कविता और कॉमेडी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ ही अनुभवी कॉमेडियन्स गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे।

हंसी से भरपूर सफर के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके, हेमांगी कवि और स्नेहिल मेहरा दीक्षित उर्फ बीसी आंटी 'मर्डर मिस्ट्री' नामक अपने सनसनीखेज एक्ट से मंच पर छा जाएँगे! कुशल एक भरोसेमंद नौकर की भूमिका निभाएँगे और हेमांगी विनोदी नौकरानी के किरदार में दिखाई देंगी। ये दोनों पुलिस और मीडिया के साथ अपने मालिक की हत्या के रहस्य को सुलझाएँगे, जिसकी भूमिका केतन सिंह निभाएँगे। इस बीच, स्नेहिल राधिका आप्टे के पुलिस के प्रसिद्ध किरदार के अपने संस्करण से शो में छा जाएँगी और पूरी जाँच में उत्साह का तड़का लगाएँगी।



स्नेहिल की परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, 'मैडनेस की मालकिन' हुमा कुरैशी कहती हैं, 'राधिका मेरी एक अच्छी दोस्त हैं। मैंने कई कलाकारों को उनकी नकल करने की कोशिश करते देखा है, लेकिन मैंने कभी भी राधिका आप्टे का इतना अच्छा संस्करण नहीं देखा। मैं यह क्लिप उनके साथ शेयर करुँगी।' अपनी परफॉर्मेंस और सह-कॉमेडियन्स के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, स्नेहिल मेहरा दीक्षित कहती हैं, 'मैं बेहद प्रतिभाशाली कॉमेडियन- केतन सिंह, कुशाल बद्रीके और हेमांगी कवि अभिनीत हमारे 'मर्डर मिस्ट्री' स्किट को दर्शकों के सामने लाने के लिए रोमांचित हूँ। इस टीम के साथ काम करना पूरी तरह से धमाकेदार रहा है। अपनी भूमिका को बेहतर बनाने के लिए, मैंने कई फिल्में देखीं और अपनी भूमिका के प्रदर्शन पर काम किया। जब हुमा कुरैशी ने मेरे किरदार की तारीफ की, तो मुझे बहुत खुशी हुई। जब कोई ऐसा स्थापित कलाकार आपके काम की तारीफ करता है, तो बहुत ही अच्छा महसूस होता है। मैं मर्डर मिस्ट्री पर आधारित इस कॉमेडिक स्किट को दर्शकों को दिखाने के लिए बहुत रोमांचित हूँ।'

'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' देखना न भूलें, इस शनिवार-रविवार, रात 9:30 बजे केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर!


# संतान गोपाल सहस्त्र यज्ञ का हुआ आयोजन, हवन में आहुतियां दीं गईं

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** भगवान श्री गणेश जी के मंदिर पर पिछले 7 दिन से संतान सहस्त्र गोपाल सहस्त्र यज्ञ का आयोजन आचार्य आनंद शास्त्री के सानिध्य में किया गया, जिसमें पंडित आचार्य आनंद शास्त्री, पंडित रामदत्त शास्त्री, पंडित रामवीर शास्त्री, पंडित संदीप शास्त्री, पंडित सुदामा शास्त्री, पंडित मनीष पचौरी आदि के द्वारा वेद मंत्रों से यज्ञ हवन में आहुतियां राजेंद्र सिंह परिहार, मुन्नी परिहार, रामकुमार सिंह परिहार, ऊषा परिहार, संजय सिंह परिहार, साधना परिहार, शैलेंद्र सिंह परिहार, पूनम परिहार, रंजीत सिंह परिहार, नेहा परिहार, अभिषेक सिंह परिहार, डॉली ठाकुर, हितेंद्र ठाकुर आदि भक्तों के द्वारा आहुतियां दी गईं। आज अंतिम दिन आहुतियां के बाद भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भक्तगण शामिल हुए।



गुरु गोचर २०२४
कर्क राशि



अगले बारह महीने गुठलियों के दाम मिलेंगे आम
सर्व सिद्धिकारक बन कर गुरु आसान करेंगे काम

Ashish Tiwari
7000768341

Things to Remember for the best output of this Planetary Position

2024-2025 में गुरु का गोचर कर्क राशि के लिए सर्वसिद्धिकारक रूप में आया है| अगले बारह महीनो में पिछले दो सालो का प्रतिफल मिलने की उम्मीद है| पिछले सालो से पेंडिंग पड़े काम इस साल पूरे होने की सम्भावना है|

स्थान बल

आय स्थान में स्थापित हो गुरु टेढ़ी ऊंगली से घी निकालने का हुनर सिखायेंगे| Ambition बढ़ेगी और उसी अनुपात में Hard work करके लाभ की स्थिति भी पैदा होगी|

सांतवी दृष्टि

Knowledge Economy के नागरिक बनें, ज्ञान आधारित व्यापार पर ध्यान दें| Beginner's luck के साथ शुरू हुए कुछ व्यवसाय आगे लम्बा फायदा दे सकते हैं|

पाँचवी दृष्टि

ससुराल में प्रभुत्व बढेगा, व्यापार के रास्ते इस मार्गो से खुल सकते हैं| बड़े काम करने से पहले परिवार और भाई से विमर्श करें, सकारात्मक सलाह भले ना मिले मगर क्या नही करना है वो पता चलेगा|

नवम दृष्टि

शोर्ट-टर्म साझीदारी लाभप्रद हो सकती है| वैवाहिक जीवन थोड़े से प्रयास के बाद एक नए चरम पर पहुँच सकता है| ये वर्ष जीवन में मधुर यादें बनाने और संतानोपत्ति के लिए भी उपयुक्त है|



आम के आम
गुठलियों के दाम

# मतदाता जागरूकता के लिए माधव महाविद्यालय में मेहंदी, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**ग्वालियर।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज महिला बाल विकास शहरी परियोजना 4 एवं राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के द्वारा माधव कॉलेज में गतिविधियों का आयोजन करवाया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए, जिसमें माधव महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय रस्तोगी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय पाण्डेय एवं महिला बाल विकास की परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपिका रावत, पर्यवेक्षक श्रीमती संगीता पचौरी श्रीमती नीतू शाक्य एवं श्रीमती सुरुचि गुप्ता और समस्त कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निखिल नामदेव द्वितीय स्थान पर रौनक द्विवेदी तृतीय स्थान पर शीतल शाक्य विजेता रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक द्विवेदी, द्वितीय स्थान पर सक्षम सैनी, तृतीय स्थान रोहन कुमार विजेता रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि गुप्ता, द्वितीय स्थान टीना चौधरी एवं तृतीय स्थान पर रितेश सेन विजेता रहे। प्रतियोगिताओं के साथ क्षेत्र में रैली और मानव श्रृंखला के माध्यम से क्षेत्रवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।



# साले की बेटी की शादी में शामिल होने गये मैनेजर के घर से 13 लाख की चोरी

## - चोरों ने कई जगह दिया चोरी की वारदातों को अंजाम

**ग्वालियर।** साले की शादी में शामिल होने गए फाइनेंस कंपनी के मैनेजर के घर का ताला तोड़कर चोर 85 हजार नगदी, सोलह तोला सोना व करीब एक किलो वजनी चांदी के जेवर पार कर ले गए। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर लाइन नंबर दस की है। घटना का पता उस समय चला जब मैनेजर परिवार सहित वापस आए तो घर के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर लाइन नंबर दस के क्वॉर्टर नंबर आठ में नीरज भदौरिया पुत्र मुनेश्वर सिंह भदौरिया रहते हैं और वह श्रीराम फाइनेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर हैं। दो दिन पहले वह भिण्ड में साले की बेटी की शादी में शामिल होने परिवार के साथ गए थे और घर पर ताले डाल गए थे। शादी का कार्यक्रम होने के बाद बीते रोज वह वापस आए तो घर के ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर की हालत देखकर उनके पैरों तले जमीन निकल गई और चोरी की आशंका की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलवाया। टीम ने जांच की तो कई स्थानों पर पुलिस को चोरों के फिंगर प्रिंट मिले हैं और अब पुलिस अपने रिकार्ड में दर्ज फिंगर प्रिंट से मिलान में जुटी हुई है। चोरों का पता लगाने के लिए पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है, जिससे चोरों का पता लगाया जा सके। पीडित ने पुलिस को बताया कि चोर उनके यहां से 85 हजार की नगदी समेत सोलह तोला सोना व करीब एक किलो वजनी चांदी के जेवर सहित 13 लाख का माल पार कर ले गए हैं। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

उधर महाराजपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुरा पुल पर स्थित ट्रांसपोर्टर सतीश ठाकुर का ऑफिस है और बीते रोज यहां पर चोरों ने धावा बोला और तीन मोबाइल व सोलह हजार रुपए नगदी सहित अन्य सामान पार कर दिया। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। वहीं बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के रंगमहल गार्डन में चोरों ने धावा बोलकर नगदी-मोबाइल सहित करीब एक लाख का माल पार कर दिया। पुलिस ने फरियादी श्याम शर्मा पुत्र रामकिशन शर्मा निवासी भिण्ड की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कंपू थाना क्षेत्र के महादजी नगर निवासी रामनिवास सिंह गुर्जर पुत्र केदार सिंह गुर्जर के घर पर धावा बोलकर चोरों ने नगदी व गहने सहित लाखों का माल पार कर दिया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। बेलगढ़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खौर निवासी करन सिंह के घर पर धावा बोलकर चोरों ने नगदी-गहनों सहित लाखों का माल पार कर दिया। चोरी का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया है।

# अवैध पिस्टल खपाने आया इनामी पकड़ा

## - 32 बोर की आटोमैटिक पिस्टल सहित 6 पिस्टलें बरामद





**ग्वालियर।** अवैध हथियार बेचने आ रहे एक तस्कर को क्राइम ब्रांच व डबरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने 32 बोर की छह पिस्टल, एक कट्टा बरामद, एक बिना नंबर की स्कार्पियो जब्त की हैं। पुलिस ने तस्कर के पास से एक 32 एमएम की आटोमेटिक पिस्टल भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की तो पता चला कि वह हत्या के प्रयास के मामले में फरार है और उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। इसका पता चलते ही आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह अवैध पिस्टल लाकर उन्हें 50 हजार रूपये से डेढ़ लाख तक में बेच रहा था।

एएसपी क्राइम शियाज केएम ने बताया कि उन्हें जरिये मुखबिर सूचना मिली थी कि एक तस्कर अवैध हथियार लेकर बिना नंबर की सफेद रंग की स्कार्पियो कार लेकर ग्वालियर से डबरा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने डीएसपी क्राइम आयूष गुप्ता, नागेन्द्र सिंह को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिस पर टीआई क्राइम ब्रांच अजय पंवार व डबरा थाना प्रभारी यशवंत गोयल को कार्रवाई और सूचना की तस्दीक में लगाया। क्राइम ब्रांच और डबरा पुलिस ने ग्वालियर दतिया हाईवे पर अरू तिराहे पर चैकिंग प्रारंभ की। तभी पुलिस ने एक स्कॉर्पियो को रोककर चेक किया तो उसमें सवार युवक अपने वाहन को छोड़कर भागने लगा। युवक को भागते देखकर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे दबोच लिया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल व कट्टा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने उसे निगरानी में लेकर वाहन की तलाशी ली तो उसमें से पांच पिस्टलें और बरामद हुईं। पुलिस पकड़े गए आरोपी को लेकर थाने पहुंची और पूछताछ की तो पहले आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए अपना गलत नाम बता रहा था और उसकी तस्दीक कराई तो पता चला कि वह झूठ बोल रहा है। तब पुलिस ने उससे दोबारा पूछताछ की तो उसने अपना नाम सत्येन्द्र रावत पुत्र नवल सिंह निवासी सियावरी हाल डबरा बताया और जब उसका रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है।

पुलिस ने जब सत्येन्द्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने बताया कि उसने आटोमेटिक पिस्टल क्राइम ब्रांच द्वारा पूर्व में पकड़े गये रामवीर गुर्जर से खरीदी है और अन्य पिस्टलें बाहर से लाया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक पिस्टल ऑटोमेटिक है, जिसका उपयोग सत्येन्द्र करता है। साथ ही पता चला कि 21 जनवरी को आरोपी ने अजेन्द्र रावत को पिस्टल से गोली मारी थी। इस मामले में उस पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है और पुलिस पड़ताल में पता चला है कि उस पर अभी तक एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पिस्टलों का सौदा करने के लिए आया था और एक पिस्टल पचास हजार रुपए से लेकर डेढ़ लाख रूपये तक में बेचता है। अब पुलिस पता लगा रही है कि अभी तक उसने कितनी पिस्टलें बेची हैं और उन्हें किस-किस ने खरीदा है, जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकें।

# चार लाख का गांजा और स्मैक सहित एक महिला समेत दो तस्कर पकड़े

**ग्वालियर।** गांजा और स्मैक की खेप लेकर आए एक तस्कर हजीरा थाना पुलिस ने न्यू कॉलेनी नंबर एक कांचमिल से दबोचा है और उससे पूछताछ करने के बाद उसे नशे की सप्लाई करने वाली महिला सरगना को भी पुलिस ने पकड़ा है। दोनों के पास से पुलिस ने करीब चार लाख रुपए कीमत का गांजा और स्मैक के साथ एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस की गिरफ्त में तस्करों पर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में दर्ज है और वह गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है।

हजीरा थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह सेंगर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक तस्कर न्यू कॉलोनी कांच मिल में स्मैक और गांजे की बिक्री कर रहा है। इसका पता चलते ही उन्होंने पुलिस की टीम को सूचना की तस्दीक के लिए लगाया। पुलिस की टीम जब न्यू कॉलोनी पहुंची तो एक युवक गांजा बेचता दिखाई दिया। जिसे पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया और उसके पास से गांजा और स्मैक की पुडिया बरामद की। पुलिस ने नशा बेच रहे तस्कर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसकी पहचान संतोष उर्फ मोनू तोमर पुत्र नारायण सिंह निवासी न्यू कॉलोनी कांच मिल के रूप में हुई। उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि पास ही रहने वाली मोहिनी उर्फ गुडिया पत्नी आशीष सिंह तोमर उसे गांजा और स्मैक की सप्लाई देती थी। इसका पता चलते ही पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी और उसके पास से गांजा और स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने मोनू और गुडिया के घर से तलाशी के बाद 25 किलो गांज और चालीस पुडिया स्मैक की बरामद की है। पुलिस अब गुडिया से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह स्मैक और गांजा कहां से लेकर आती है। मोहिनी और मोनू के पकड़े जाने के बाद आसपास रहने वाली महिलाएं काफी खुश हुई और पुलिसकर्मियों को बताया कि इन्होंने पूरे इलाके को बरबाद कर दिया है, इनके पकड़े जाने से इलाके में चेन रहेगा, क्योंकि इनसे नशा लेकर नशेड़ी हंगामा कर परेशान करते थे और उनका घर से निकलना तक दूभर हो गया था।

### मकान मालकिन से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** मकान मालिकन को अकेला देखकर किराएदार ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर मुंह खोला तो वह उसे बदनाम कर देगा। धमकी का शिकार पीडिता ने अब जब परेशान हो गई तो थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। घटना जनकगंज थाना क्षेत्र के बक्शी की गोठ की है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी अमन खान के खिलाफमामला दर्ज कर उसके घर पर दबिश दी तो वह गायब मिला है। अब पुलिस उसके संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है, जिससे उसे पकड़ा जा सके। पीडिता ने बताया कि कुछ समय से आरोपी उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा था, जिसके कारण उसने अपने साथ घटी घटना की जानकारी परिजनों को दी और उसके बाद थाने पहुंची। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### ईडीसी प्राप्त करने 23 व 24 को भी फैसिलिटेशन सेंटर खुले रहेंगे

**ग्वालियर ।** चुनाव ड्यूटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र) के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। ईडीसी के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फॉर्म-12। भरवाए गए हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भरे हुए फॉर्म-12। प्राप्त करने के लिये मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) परिसर में फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं।

# तेरह वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़

**ग्वालियर।** बुआ की शादी से लौट रही तेरह वर्षीय किशोरी से एक मनचले ने छेड़छाड़ कर दी और उसे जबरन ले जाने का प्रयास किया। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के घेघोली की है। घटना का शिकार पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी धमकी देकर भाग निकला। घटना का शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की है। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

घाटीगांव थाना क्षेत्र के घेघौली निवासी तेरह वर्षीय किशोरी ने शिकायत की है कि बीते रोज उसकी बुआ की शादी थी और शादी में शामिल होने के लिए वह भी अपने परिवार के साथ गई थी। शादी का कार्यक्रम होने के बाद वह वापस अपने घर आ रही थी, अभी वह अपने घर से कुछ ही दूरी पर थी कि तभी बारात में आए हुए डाग चराई निवासी दीपू गुर्जर ने उसका रास्ता रोका और छेड़छाड़ कर जबरन ले जाने का प्रयास किया। अचानक हुई घटना से किशोरी घबरा गई और उसका विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपी ने उससे शादी करने की बोला और जब पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां पर आए तो आरोपी अपने वाहन से भाग निकला। घटना की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन आरोपी अपने घर से फरार मिला है। पुलिस अब उसके संभावित स्थानों पर दबिश देकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक आज कई जगह करेंगे संपर्क

**ग्वालियर।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पाठक आज रविवार 21 अप्रैल को कई जगह जनसंपर्क कर वोट मांगेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पाठक 21 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र डबरा के अंर्तगत आने वाले कई क्षेत्रों में संपर्क करेंगे।

जिसमें प्रातः 9 बजे जौरासी मंदिर-पारधी मौहल्ला, प्रातः 9.30 बजे जौरासी आदिवासी दफाई, प्रातः 10 बजे ग्राम बिलौआ पर जनसभा, प्रातः 10.30 बजे ग्राम रफादपुर लदेरा, प्रातः 11 बजे ग्राम बॉसी-लखनपुरा, प्रातः 11.30 बजे ग्राम सूखापठा, दोप. 12 बजे ग्राम इकोना एवं कालोनी, दोप. 12.30 बजे ग्राम चक शंकरपुर, दोप. 1 बजे ग्राम घोघा, दोप. 1.30 बजे ग्राम भगेह, दोप. 2 बजे ग्राम लखनोती ऐंती, दोप. 2.30 बजे ग्राम गिजोर्रा, दोप. 3 बजे ग्राम मेंहगांव, दोप. 3.30 बजे ग्राम किटोरा, शाम 4 बजे ग्राम देवगढ़ (जीगनियां, बारकरी, सिद्धपुरा), शाम 4.30 बजे ग्राम किरोल, शाम 5 बजे ग्राम सिसगांव, शाम 5.30 बजे ग्राम कुम्हर्रा-नाहटोली, शाम 6 बजे ग्राम शुक्लहारी, शाम 6.30 बजे ग्राम इकहरा, शाम 6.45 बजे ग्राम जरगांव, शाम 7बजे ग्राम पुटटी, शाम 7.15 बजे ग्राम सकतपुरा, शाम 7.30 बजे ग्राम जंगीपुर, शाम 8 बजे ग्राम गढी आदि प्रमुख हैं।

# नौ वर्षों से फरार पांच हजार का इनामी पकड़ा

**ग्वालियर।** लूट के प्रकरण में नौ वर्षों से फरार चल रहा वारदात करने के लिए आया पांच हजार रुपए के इनामी बदमाश को चीनौर थाना पुलिस ने वारदात से पहले ही दबोचा है। पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाए तो पता चला कि पकड़े गए आरोपी पर दो दर्जन से ज्यादा, हत्या, डकैती और लूट सहित अन्य मामले दर्ज हैं और पिछले नौ साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आया हुआ है और आमरोल की पुलिया के पास है। इसका पता चलते ही उन्होंने एसडीओपी भितरवार जीतेन्द्र नागाइच को बदमाश को घेरने के निर्देश दिये।




पुलिस अधीक्षक के निर्देश मिलते ही एसडीओपी भितरवार श्री नागाईच ने चीनौर थाना प्रभारी राजीव बिरथरे को मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा तो पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा, उसे भागते देखकर पुलिस को शंका हुई और उसका पीछा किया और कुछ ही देर की मशक्कत के बाद उसे पकड़ लिया गया। पुलिस को मोबाइल से पीछा करता देखकर आरोपी खेतों में भागने लगा, तो पुलिस ने अपना वाहन छोड़कर खेतों में घेराबंदी कर दबोचा है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान महेश गुर्जर पुत्र निहाल सिंह गुर्जर निवासी नूराबाद के रूप में हुई। साथ ही पता चला कि उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है और वह नौ साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। उसके चार अन्य साथियों को पुलिस ने पहले ही दबोचा था। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर पता लगा रही है कि वह किस वारदात को अंजाम देने के लिए आया था। साथ ही पता लगाया जा रहा है कि उसकी फरारी में किस-किसने मदद की थी, जिससे उन पर भी कार्रवाई की जाए।

# मतदाताओं को जागरूक करने आज निकलेगी मोटर साइकिल रैली

**ग्वालियर ।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में आज रविवार 21 अप्रैल को प्रातः 7 बजे शहर में विशाल मोटर साइकिल रैली निकाली जायेगी। ग्वालियर शहर के विभिन्न मार्गों पर मतदान का संदेश देते हुए यह रैली निकलेगी।

स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत निकाली जा रही इस मतदाता जागरूकता मोटर साइकिल रैली में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। साथ ही थल सेना, वायु सेना व सीमा सुरक्षा बल के बाइकर्स को भी रैली में आमंत्रित किया गया है। मोटर साइकिल रैली प्रातः 7 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय के समीप से शुरू होगी। यह रैली चेतकपुरी, अचलेश्वर महादेव मार्ग, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, हनुमान चौराहा, गस्त का ताजिया, फालका बाजार, फूलबाग, पड़ाव, हजीरा, गोले का मंदिर व सात नम्बर चौराहा होते हुए व्हीआईपी सर्किट हाउस पहुँचेगी और यहीं पर रैली का समापन होगा।

# सिंधिया धरोहर फैस्ट में सिंधिया कन्या विद्यालय विजयी

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया धरोहर हैरिटेज फैस्ट का समापन शनिवार को हो गया। इसमें सिंधिया कन्या विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा, हटी सिंह हैरिटेज फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष उमंग हटी सिंह, उनकी माँ दक्षा दीपक हटी सिंह तथा बहन उरवी मुकुल कसलीवाल भी उपस्थित थीं।




प्रातःकालीन सत्र में गुजराती लोक संगीत दोहा-छंद (समूह) प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रत्येक विद्यालय की 8-8 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान सिंधिया स्कूल ने नारी शक्ति पर गुजराती गीत प्रस्तुत किया। बिरला पब्लिक स्कूल ने गिरधारी भगवान कृष्ण की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सिंधिया कन्या विद्यालय की 10 छात्राओं ने प्राचीन गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए एस्कॉर्टस तथा निर्णायक मंडल को स्मृति चिह्न प्रदान किये गए। तत्पश्चात विद्यालय सभागार में धरोहर फैस्ट पर आधारित गुजरात की झलक वीडियो दिखाया गया। विद्यालय के कमला भवन में प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसमे प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के द्वारा बनाई गयी कलाकारी जैसे रबारी भरोत कढ़ाई, बंधेज, माता नी पचेड़ी, अजरख ब्लॉक प्रिंटिंग, कच्छ लिप्पन कला आदि प्रदर्शित किए गए।

# विभिन्न वार्डों में निकली मतदाता जागरूकता रैली

**ग्वालियर ।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।




नगर निगम के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमे शनिवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय महाराज बड़ा तारागंज लश्कर का कमरा नंबर 1, 2, 3 मतदाताओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओ को मतदान के लिए जागरूक किया तथा मतदान की शपथ दिलाई। इसके साथ ही बेटी बचाओ चौराहा ग्वालियर में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही जोन 21 वार्ड 55 में सुदर्शन विहार व साई कॉलोनी अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। एवं मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही जोन 25 वार्ड 66 ग्राम पिपरौली अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई एवं मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई एवं घर घर पीले चावल देकर मतदान करने के लिये आमंत्रित किये।

# रेत का अवैध उत्खनन कर रहे तीन घाटों पर कार्रवाई

## - चार पंडुब्बियाँ सहित अन्य सामग्री नष्ट कराई और एक लोडर किया जब्त

**ग्वालियर ।** रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिये जिले में विशेष मुहिम जारी है। इस कड़ी में डबरा अनुविभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है।

डबरा क्षेत्र में स्थित सिंध नदी के विभिन्न घाटों पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर चार पंडुब्बियाँ सहित रेत के अवैध उत्खनन में संलग्न मटेरियल नष्ट कराया। साथ ही एक लोडर भी जब्त किया है। इसके अलावा बेलगढ़ा व दतिया के बीच रेत के अवैध उत्खनन के उद्देश्य से बनाए गए अवैध पुल को भी नष्ट किया गया।

एसडीएम डबरा दिव्यांशु चौधरी के नेतृत्व में रविवार को प्रातरूकाल से ही यह कार्रवाई शुरू की गई। रायपुर घाट, ग्राम बेलगढ़ा व ग्राम कैथोंदा रेत घाटों पर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई कर पंडुब्बियाँ, बड़े-बड़े लोहे के पाइप व ड्रम नष्ट कराए। साथ ही एक लोडल अपने कब्जे में लिया।

# जेसीआई आदर्श ने किया संजीव अग्रवाल कुक्कु को सम्मानित




**ग्वालियर।** जेसीआई आदर्श द्वारा संजीव अग्रवाल कुक्कु को शनिवार को कुक्कु दिलवाले के नाम से सम्मानित किया गया। उन्हें यह नाम स्वयं डॉक्टर जमाल यूसुफने प्रदान किया एवं कुक्कु को शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान हृदय रोग शिविर का आयोजन भी स्वर्गीय महेश चंद्र गोयल की स्मृति में हुआ। इस शिविर में डॉक्टर जमाल युसूफ हृदय रोग विशेषज्ञ दिल्ली से पधारे और उन्होंने लगभग 200 हृदय रोगियों का परीक्षण किया।

# अब 21 प्रत्याशी चुनाव मैदान में, एक उम्मीदवार का नामांकन निरस्त

## - 22 अप्रैल नाम वापसी के लिये आखिरी दिन

**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त हुए नाम-निर्देशन पत्रों की शनिवार 20 अप्रैल को संवीक्षा (जाँच) की गई। जाँच में एक उम्मीदवार का नामांकन विभिन्न त्रुटियों की वजह से अस्वीकार (निरस्त) हो गया है। जाँच में 21 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए। इनमें से कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में शेष रहेंगे, यह 22 अप्रैल को नाम वापसी के बाद स्पष्ट होगा। नाम वापसी के लिए 22 अप्रैल आखिरी दिन है।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत विधिवत नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की। कलेक्ट्रेट न्यायालय स्थित रिटर्निंग ऑफीसर के कार्यालय में हुई समीक्षा के दौरान सामान्य प्रेक्षक कृष्णा आदित्य भी मौजूद थे। साथ ही सहायक रिटर्निंग अधिकारी अतुल सिंह तथा प्रत्याशीगण व उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न त्रुटियों के कारण हरदास का नाम निर्देशन पत्र अमान्य घोषित किया गया। इनके अलावा योगेन्द्र सिंह यादव का एक नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत हुआ है। योगेन्द्र यादव द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र भरे गए थे। इनमें से इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के प्रत्याशी के रूप में उनके द्वारा भरा गया नामांकन अस्वीकृत हो गया है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रस्तुत उनका नामांकन मान्य किया गया है। इसलिए योगेन्द्र यादव की उम्मीदवारी बरकरार है।



### विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कल्याण सिंह कंसाना | बहुजन समाज पार्टी |
| 2. | प्रवीण पाठक | इंडियन नेशनल काँग्रेस |
| 3. | भारत सिंह कुशवाह | भारतीय जनता पार्टी |
| 4. | अर्चना सिंह राठौड़ | राष्ट्रीय समाज पक्ष |
| 5. | अंजली मोनू रावत | परिवर्तन पार्टी ऑफइंडिया |
| 6. | चन्दन राठौर | परिवर्तन समाज पार्टी |
| 7. | भरत पाल | आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) |
| 8. | एडवोकेट मुकेश कुमार कोरी | बहुजन मुक्ति पार्टी |
| 9. | कॉमरेड रचना अग्रवाल | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफइंडिया (कम्युनिस्ट) |
| 10. | राम प्रकाश सिंह पाल | राष्ट्र उदय पार्टी |
| 11. | डॉ. पी. डी. अग्रवाल वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ | निर्दलीय |
| 12. | अमित परिहार | निर्दलीय |
| 13. | आनंद सिंह कुशवाह (रामायणी) | निर्दलीय |
| 14. | गजेन्द्र सिंह | निर्दलीय |
| 15. | दीपक कुमार बंसल (रंग वाले) | निर्दलीय |
| 16. | नरेश चन्द्र शर्मा | निर्दलीय |
| 17. | इंजी. महेन्द्र प्रताप सिंह पाल | निर्दलीय |
| 18. | मुनेश नागर | निर्दलीय |
| 19. | यशदेव शर्मा | निर्दलीय |
| 20. | योगेन्द्र सिंह यादव | निर्दलीय |
| 21. | राकेश धाकड़ | निर्दलीय |

# संपादकीय

## मिठास का वार

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफे, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है।

यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। यदि कम शर्करा वाली वस्तु है तो स्पष्ट होना चाहिए कि यह मात्रा कितना रखी गई है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही भ्रामक विज्ञापन करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई हो।

# दवा नियामकों के कामकाज की समीक्षा जरूरी

**'मौजूदा मामले में, केंद्र और राज्य सरकार नियामक एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई में ढिलाई बरती है और आपसी मिलीभगत से पतंजलि को अतिरंजित विज्ञापन देने की खुली छूट दिए रखी। केरल के स्वास्थ्य एवं आरटीए कार्यकर्ता डॉ. बाबू केवी ने पतंजलि के खिलाफ सिलसिलेवार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, उन्होंने पहले उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंस प्राधिकरण को लिखा कि वह बताए गए विज्ञापनों को हटवाए, लेकिन न तो पतंजलि आयुर्वेद ने अपना रवैया बदला और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई जबकि विभाग के पास अमल करवाने की शक्ति है।'**

पतंजलि आयुर्वेद के विज्ञापनों की तार्किकता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में जारी कानूनी लड़ाई ने अनेकानेक कारणों से काफी जिज्ञासा जगाई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पतंजलि के कर्ता-धर्ताओं बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अदालत की अवमानना के लिए निजी तौर पर पेश होकर बार-बार माफी मांगने पर जोर देना अभूतपूर्व है। इस मामले में अंतिम फैसला अभी आना बाकी है लेकिन अब तक हुई सुनवाई से तमाम संबंधित पक्ष यानी दवा निर्माता, नियामक, सरकार और सबसे ऊपर, उपभोक्ता के लिए कई अहम सबक सीखने को हैं।

इस मामले के केंद्र में है दवा एवं जादुई उपचार (एतराज योग्य विज्ञापन) कानून 1954, दवा एवं प्रसाधन कानून-1940 और तत्पश्चात 1945 में बनाए नियम। 1954 में बना कानून कुछ दवाओं के विज्ञापन पर रोक लगाता है और कुछ स्थितियों में दवाओं का प्रचार कैसे किया जाए, इसको नियंत्रित करता है। जिन रोगों के इलाज को लेकर विज्ञापन देने पर रोक है उनमें कैंसर, मधुमेह, बच्चा न होना, एड्स, मोटापा, समय पूर्व बुढ़ापा, अंधता इत्यादि हैं। यह कानून विशेष तौर पर उन भ्रामक विज्ञापनों के लिए है जिनमें रोग को ठीक करने हेतु चमत्कारी इलाज या किसी दवा की प्रभावशीलता को लेकर झूठे अथवा बढ़ा-चढ़ाकर किए दावे हों। यह कानून केंद्र सरकार को इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्ति प्रदान करता है। भारत में दवाएं, प्रसाधन, मेडिकल उपकरण और अन्य संबंधित उत्पादों का उत्पादन, वितरण और बिक्री के लिए 1940 का कानून और इसके अंतर्गत बनाए गए नियम, मुख्य प्रावधान हैं। पतंजलि का अपने अनेकानेक जड़ी-बूटी आधारित उत्पादों के बारे में दावा है कि इनसे रोग पूरी तरह 'ठीक' हो जाते हैं, इनमें डायबिटीज़, थायरॉयड समस्या और यहां तक कि कैंसर भी शामिल है। कोविड-19 महामारी के दौरान, इसने कोरोनिल नामक उत्पाद जारी किया और कोविड 'ठीक' करने का दावा किया। इस उत्पाद की लॉन्चिंग में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन भी उपस्थित थे। जब इसकी प्रभावशीलता को लेकर सवाल उठे तो मार्किटिंग पैंतरे के तहत दावे को 'उपचार' से 'प्रबंधन' बताना शुरू कर दिया। अनेकानेक रोगों को ठीक करने का दावा करते अपने विज्ञापनों में पतंजलि संस्थान इलाज की आधुनिक मेडिकल व्यवस्था को निशाना बनाने लगा। यह कहकर कि उसके पास ठीक करने वाला कोई इलाज नहीं है। इसने न केवल स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को असहज किया बल्कि भारतीय मेडिकल संगठन (आईएमए) को भी। इन्होंने पतंजलि आयुर्वेद को दो दवा कानूनों के उल्लघंन करने के लिए अदालत में घसीटा, जहां पर पतंजलि को चेतावनी मिली। तथापि, अदालत की सरासर अवमानना करते हुए, इस संस्थान ने अपने भ्रामक विज्ञापन जारी रखे।

दवाओं, उपायों और स्वास्थ्य से संबंधित भ्रामक विज्ञापन एक बड़ी समस्या है और इस काम में पतंजलि आयुर्वेद ही एकमात्र नहीं है। भारत भर में अखबार और टेलीविज़न चैनल (एक विशेष वक्त पर) पर ऐसे विज्ञापनों और प्रायोजित सामग्री की भरमार है, जिनमें हरेक रोग के इलाज और उपचार को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, फिर चाहे यह कब्ज हो या हृदय रोग। ऑनलाइन मंच जैसे कि यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऐसे चिकित्सकों, कंपनियों की बाढ़ आई हुई है और यह करना कानून का पूरी तरह उल्लंघन है। तथाकथित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स भी संभावित खतरनाक स्वास्थ्य उत्पादों के प्रचार में शामिल हो गए हैं। हालांकि, बड़ी दवा कंपनियां भी सीधे ढंग से विज्ञापन देने से बचती हैं लेकिन उन्होंने भी चोर रास्ते निकाल रखे हैं, जिसमें पैसे देकर बनवाई-चलवाई खबरें, मेडिकल सम्मेलनों को प्रायोजित करना और चिकित्सकों को अपनी दवाएं लिखने की एवज में उपहार देना इत्यादि शामिल है। कुछ साल पहले, स्वयं भारतीय मेडिकल संघ पर कुछ उत्पादों की प्रभावशीलता और नैतिकता संबंधी पक्ष पर ध्यान दिए बिना उनका अनुमोदन करने का इल्जाम लगा था।

हम लोग इस स्थिति में इसलिए नहीं हैं कि हमारे कानून नाकाफी या नख-दंतहीन हैं। बल्कि इसलिए हैं क्योंकि सरकार द्वारा इनकी अनुपालना करवाने में ढीलढाल की जाती है। नियामक एवं नियंत्रण करने वाले संस्थानों ने मुंह फेरना तय कर रखा है। कानून भी पुराने पड़ चुके हैं और इनमें समय-समय पर सुधार नहीं किया गया। इनकी प्रासंगिकता को लेकर बनी अनेक कमेटियों ने इन्हें और अधिक कड़ा बनाने की जरूरत बताई है। बेशक बदलाव की प्रक्रिया में समय लगता है किंतु वर्तमान प्रावधानों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग न करने के पीछे क्या वजह है। लेखक ने वर्ष 2008 में रामदेव द्वारा एचआईवी-एड्स को लेकर किए दावों पर सवाल उठाए थे। अम्बुमणि रामदॉस जो कि स्वयं प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री थे, ने रामदेव को इस बाबत मंत्रालय से नोटिस भी जारी करवाया था। लेकिन जल्द ही उन्होंने भी यू-टर्न लिया और गुरुग्राम में रामदेव द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया, वहां रामदेव ने फिर से एचआईवी-एड्स को ठीक करने के अपने दावे दोहराए। बृंदा करात, जो उस वक्त मार्क्सवादी पार्टी से सांसद थीं, उन्होंने भी उत्तराखंड सरकार से भ्रामक विज्ञापनों का मसला उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मौजूदा मामले में, केंद्र और राज्य सरकार नियामक एजेंसियों ने अपनी कार्रवाई में ढिलाई बरती है और आपसी मिलीभगत से पतंजलि को अतिरंजित विज्ञापन देने की खुली छूट दिए रखी। केरल के स्वास्थ्य एवं आरटीए कार्यकर्ता डॉ. बाबू केवी ने पतंजलि के खिलाफ सिलसिलेवार शिकायतें दर्ज करवाई हैं, उन्होंने पहले उत्तराखंड सरकार के राज्य लाइसेंस प्राधिकरण को लिखा कि वह बताए गए विज्ञापनों को हटवाए, लेकिन न तो पतंजलि आयुर्वेद ने अपना रवैया बदला और न ही उस पर कोई कार्रवाई की गई जबकि विभाग के पास अमल करवाने की शक्ति है। इतना ही नहीं, बल्कि प्राधिकरण ने पतंजलि को चोर रास्ता भी मुहैया करवाया। पतंजलि आयुर्वेद को जारी किया नोटिस 1954 के कानून के तहत न होकर दवा एवं प्रसाधन कानून की एक धारा विशेष के अंतर्गत बनाया गया, जिसको लेकर मुंबई उच्च न्यायालय में मामला पहले से लंबित है। पतंजलि आयुर्वेद ने इस कानूनी केस का हवाला देकर आड़ ली और अपना काम जारी रखा। उक्त नियम 2018 में एक संशोधन के जरिए जोड़ा गया था। इसके तहत स्वास्थ्य संबंधी दावों पर विज्ञापन जारी करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेना जरूरी है।

खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में मशहूर हस्तियों द्वारा प्रचार एक अन्य मुख्य चुनौती है। इस मामले में भी, खाद्य सुरक्षा नियामक का रुख ढीला-ढाला है। न्यूट्रास्यूटिकल्स और फूड सप्लीमेंट वह समस्या क्षेत्र है, जिस पर फौरी ध्यान देने की जरूरत है।

## आज का इतिहास

- लोदी राजवंश का संस्थापक बहलोल खां लोदी 1451 में दिल्ली का शासक बना।
- मुगल साम्राज्य का शासक बाबर और इब्राहिम लोदी के बीच 1526 में पानीपत की पहली लड़ाई में इब्राहिम लोदी मारा गया।
- फ्रांस और इंग्लैंड के बीच 1572 में स्पेन के खिलाफ सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- इंग्लैंड और स्वीडन के बीच 1654 में व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
- बाजी राव प्रथम, 1720 में पेशवा बालाजी विश्वनाथ के उत्तराधिकारी बने।
- स्पेन और आस्ट्रिया के बीच 1739 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- बैंकाक शहर की स्थापना 1782 में हुई।
- उर्दू भाषा के मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल का 1938 में पाकिस्तान के लाहौर में निधन।
- यूनान ने 1941 में नाजी जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान आज के सोवियत संघ की सेना ने बर्लिन शहर पर कब्ज़ा करने और हिटलर को मात देने की कोशिशों में आज के दिन मिली जीत को काफ़ी महत्वपूर्ण माना जाता है।
- ब्राजीलिया 1960 में ब्राजील की राजधानी बन गई।
- यूनान में 1967 में सैन्य तख्तापलट हुआ।
- श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 1987 में हुए एक बम धमाके में तक़रीबन सौ से अधिक लोगों की मौत हुई।
- भारतीय वायु सेना के संजय थापर को 1996 में पैराशूट के जरिए उत्तरी ध्रुव पर उतारा गया।
- बांग्लादेश में भारतीय जवानों की नृशंस हत्या पर 2001 में भारत ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।
- बसरा में 2004 में मिसाइल हमले में 68 लोगों की मृत्यु।
- नेपाल नरेश ने चुनी हुई सरकार को 2006 में सत्ता सौंपने की घोषणा की।
- ब्रायन लारा ने 2007 में एक दिवसीय क्रिकेट से सन्यास लिया।
- 1864 में प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक एवं इतिहासकार मैक्स वेबर का जन्म।
- 1891 में भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रथम उप-गवर्नर और ओसबोर्न स्मिथ के बाद दूसरे गवर्नर जेम्स ब्रेड टेलर का जन्म।
- 1924 में 1961 के 'अर्जुन पुरस्कार' से सन्मानित भारत के पहले निशानेबाज़ कर्णी सिंह का जन्म।
- 1926 में 54 राष्ट्रों और राज्य क्षेत्रों की प्रमुख महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय का जन्म।
- सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा। लिखने वाले कवि मोहम्मद इकबाल का 1938 में निधन।
- आकंड़ों की बाजीगरी में मशीन को मात देने वाली शकुन्तला देवी का 2013 में निधन हुआ था।
- टॉम सायर तथा हकलबरी फिन जैसे जिंदादिल किरदारों के रचियता अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन का 1910 में निधन।

# पहली बार कांग्रेस 400 से कम सीटों पर लड़ेगी ?

अपने इतिहास में पहली बार, कांग्रेस मौजूदा चुनावों में 400 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि उम्मीदवारों की पूरी सूची अभी घोषित नहीं की गई है, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पार्टी अपने राजनीतिक सहयोगियों के साथ समायोजन और गठबंधन के कारण 330 से भी कम सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। यह उस पार्टी के लिए बहुत बड़ी गिरावट है जो कभी देश की राजनीति पर हावी थी और हर गांव में उसकी उपस्थिति थी। इसने हमेशा केरल जैसे कुछ राज्यों को छोड़कर, जहां इसके क्षेत्रीय गठबंधन थे, लोकसभा की लगभग सभी 543 सीटों पर चुनाव लड़ा है। 2024 में कम आंकड़ा इस बात को रेखांकित करता है कि पार्टी ने पिछले तीन दशकों में कितनी राजनीतिक जगह खो दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को हराने की बेताब कोशिश में वह दूसरों को कितनी जगह देने पर सहमत हुई है। 2004 में कांग्रेस पहली बार गंभीर रूप से गठबंधन की राजनीति में उतरी। फिर भी, इसने तमिलनाडु में द्रमुक सहित कई अन्य दलों के साथ गठबंधन में वाजपेयी के शाइनिंग इंडिया अभियान से लड़ने के लिए खुद को सिकोड़ लिया। विडंबना यह है कि इसने एक बार डीएमके पर 1991 में राजीव गांधी की हत्या करने वाली ताकतों का समर्थन करने का आरोप लगाया था। 2004 में, कांग्रेस ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के हिस्से के रूप में 417 सीटों पर चुनाव लड़ा।

ठीक पांच साल बाद, जैसे ही यूपीए ने अपने साथी खो दिए, कांग्रेस ने 440 उम्मीदवार उतारे और वास्तव में 2019 में उसकी संख्या बढ़ गई। सबसे बड़ी गिरावट यूपी में हुई है जहां पार्टी ने 2019 में 67 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन इस बार अखिलेश यादव की सपा के साथ गठबंधन के कारण सिर्फ 17 सीटों पर लड़ रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि 2019 में 67 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद, उसे सिर्फ एक सीट रायबरेली मिली थी। देखते हैं कि इस बार जब उसने केवल 17 उम्मीदवार उतारे हैं तो वह कितनों को जीतती है।

क्या राजपूतों को साध पाएगी भाजपा ?

यूपी में क्षत्रिय/राजपूतों के गुस्से को बढ़ाने वाले कई कारक हैं। इनमें से एक है ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के साथ समुदाय के समझौते के बारे में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला की टिप्पणियां, जिनमें अपनी बेटियों की शादी साम्राज्यवादियों से करना भी शामिल है। दूसरा कारण ओबीसी को लुभाने के लिए भाजपा द्वारा क्षत्रियों को दिए जाने वाले टिकटों की घटती संख्या है। भाजपा द्वारा अब तक मैदान में उतारे गए क्षत्रियों की संख्या केवल तीन है और यदि विवादास्पद पूर्व कुश्ती महासंघ प्रमुख बृजभूषण सिंह को टिकट दिया जाता है तो यह चार तक पहुंच सकती है। यह 2019 के मुकाबले करीब 50 फीसदी कम है। लेकिन यूपी में एक कानाफूसी अभियान शुरू हो गया है कि अगर पीएम मोदी 400 सीटों के साथ तीसरी बार जीत हासिल करते हैं, तो भाजपा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जगह किसी ओबीसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी।

इस बार टिकट वितरण में क्षत्रियों को हाशिये पर धकेलने के साथ-साथ, समुदाय को युद्ध पथ पर ला खड़ा किया है। हाल के सप्ताहों में, पूरे पश्चिमी यूपी में क्षत्रिय जनसभाएं आयोजित की गई हैं, जहां प्रतिभागियों ने 2024 में भाजपा को वोट न देने की कसम खाई है। बीजेपी नेता डैमेज कंट्रोल मोड में हैं। रूपाला की टिप्पणियों के कारण गुजरात में क्षत्रियों के गुस्से को कम करने की कोशिश करने के बाद, उन्होंने अपना ध्यान पश्चिमी यूपी की ओर केंद्रित कर दिया है और समुदाय के नेताओं को शांत करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

आदित्य के उभार से खुश नहीं अखिलेश यादव

एक और राजनीतिक उत्तराधिकारी उभर रहा है। अखिलेश यादव के चचेरे भाई आदित्य यादव। वह इस बार यूपी की बदायूं सीट से चुनाव लड़ेंगे। ऐसा लगता है कि अखिलेश यादव इस बात से ज्यादा खुश नहीं हैं। उन्होंने शुरू में इस सीट के लिए धर्मेंद्र यादव को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था। जाहिर तौर पर, उनके चाचा शिवपाल यादव, जो आदित्य के पिता हैं को धर्मेंद्र यादव की उम्मीदवारी पर आपत्ति थी। अपने चाचा को संतुष्ट करने की उम्मीद में, अखिलेश यादव ने सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा की। लेकिन शिवपाल यादव ने कहा कि वह राज्य की राजनीति में ही रहना चाहते हैं और उन्हें लोकसभा में जाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। भारी सौदेबाजी के बाद, अखिलेश यादव अनिच्छा से चचेरे भाई आदित्य को टिकट देने पर सहमत हुए। ऐसा लगता है कि आदित्य अपने पिता की मदद कर रहे हैं लेकिन अब चुनावी राजनीति में औपचारिक प्रवेश करना चाहते हैं।

सोनिया ही कांग्रेस की संकटमोचक ?

सोनिया गांधी कांग्रेस के लिए संकटमोचक के रूप में अपरिहार्य बनी हुई हैं। अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद, उन्होंने मंडी से सांसद प्रतिभा सिंह और बेटे विक्रमादित्य को भाजपा में शामिल होने से रोकने के लिए कदम उठाया। सोनिया गांधी ने ही विक्रमादित्य सिंह को मंडी सीट से मैदान में उतारने की सलाह दी थी, जहां उनके पिता दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जड़ें गहरी थीं और लोग आज भी उन्हें प्यार से याद करते हैं। हालांकि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस कदम को रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन सोनिया अपनी बात पर अड़ी रहीं और आखिर में सोनिया की ही बात मानी गई। हिमाचल प्रदेश से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, मंडी में मुकाबला कड़ा हो गया है और बॉलीवुड अभिनेत्री और मोदी-शाह की पसंदीदा कंगना रनौत के लिए यह मुश्किल हो सकता है क्योंकि वह चुनावी राजनीति में प्रयोग कर रही हैं।

# खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक बड़ा खतरा

**मानव स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष प्रभाव से परे, माइक्रोप्लास्टिक पर्यावरण और वन्यजीवों के लिये भी खतरा पैदा करता है। प्लास्टिक को निगलने वाले समुद्री जानवर अक्सर आंतरिक चोटों, भुखमरी और प्रजनन समस्याओं से पीड़ित होते हैं, जिससे इनकी आबादी में गिरावट और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान होता है।**

आधुनिक युग में, हमारी वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला दक्षता और नवीनता का चमत्कार है। जिससे हम दुनियाभर के विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का आनंद ले सकते हैं। हालांकि, इस सुविधा की सतह के नीचे एक घातक खतरा छिपा हुआ है - माइक्रोप्लास्टिक। ये छोटे प्लास्टिक कण, जो अक्सर नग्न आंखों के लिए अदृश्य होते हैं, उत्पादन से लेकर खपत तक, आपूर्ति श्रृंखला के हर चरण में हमारे भोजन को दूषित कर रहे हैं। माइक्रोप्लास्टिक हर जगह हैं, समुद्र की गहराई से लेकर सबसे ऊंची चोटियों तक, और उन्होंने हमारे ग्रह के सबसे दूरस्थ कोनों में भी घुसपैठ की है। ये छोटे कण विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न होते हैं, जिनमें प्लास्टिक की बड़ी वस्तुओं का टूटना, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों में उपयोग किए जाने वाले माइक्रोबीड्स और कपड़ों से निकलने वाला सिंथेटिक फाइबर का अंश शामिल होता है। एक बार पर्यावरण में आने पर उन्हें हवा और पानी के जरिये लंबी दूरी तक ले जाया जा सकता है। अंततः हमारी खाद्य श्रृंखला ही दूषित होती है।

प्राथमिक मार्गों में से एक, जिसके माध्यम से माइक्रो प्लास्टिक्स हमारी खाद्य आपूर्ति में प्रवेश करता है, जल स्रोतों के संदूषण के माध्यम से होता है। नदियां, झीलें और महासागर प्लास्टिक कचरे के भंडार के रूप में तब्दील हो गए हैं, जो धीरे-धीरे छोटे और छोटे टुकड़ों में टूट जाता है। समुद्री जानवर इन कणों को भोजन समझने की गलती करते हैं, उन्हें निगलना और प्लास्टिक प्रदूषण के अनजाने वाहक बन जाते हैं। चूंकि बड़े शिकारी इस दूषित शिकार का उपभोग करते हैं, माइक्रोप्लास्टिक्स खाद्य श्रृंखला को जैव संचय करते हैं, अंततः मनुष्यों तक पहुंचते हैं। लेकिन माइक्रोप्लास्टिक का खतरा समुद्री भोजन के साथ समाप्त नहीं होता है। हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि इन छोटे कणों ने नमक, शहद और यहां तक कि बीयर सहित अन्य खाद्य स्रोतों में भी घुसपैठ की है। हमारे पर्यावरण में प्लास्टिक की बहुतायत उपलब्धता का मतलब है कि खाद्य श्रृंखला का कोई भी कोना संदूषण से सुरक्षित नहीं है। माइक्रोप्लास्टिक्स के खाद्य श्रृंखला का हिस्सा बनने से इसके स्वास्थ्य पर प्रभाव के निहितार्थ अभी भी पूरी तरह से समझे जा रहे हैं, लेकिन हालिया शोध से पता चलता है कि ये मानव स्वास्थ्य के लिए बड़े जोखिम पैदा कर सकते हैं। नये अध्ययनों ने माइक्रोप्लास्टिक्स के संपर्क को स्वास्थ्य समस्याओं की एक श्रृंखला के साथ जोड़ा है, जिसमें सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और जठरांत्र संबंधी मार्ग को नुकसान शामिल है। इसके अलावा, चिंता है कि माइक्रोप्लास्टिक्स हानिकारक रसायनों के लिए प्रसारक के रूप में कार्य कर सकता है, जैसे कि अंतःस्रावी अवरोधक और कार्सिनोजेन्स, जो प्लास्टिक के कणों से शरीर में लीच कर सकते हैं।

मानव स्वास्थ्य पर प्रत्यक्ष प्रभाव से परे, माइक्रोप्लास्टिक पर्यावरण और वन्यजीवों के लिये भी खतरा पैदा करता है। प्लास्टिक को निगलने वाले समुद्री जानवर अक्सर आंतरिक चोटों, भुखमरी और प्रजनन समस्याओं से पीड़ित होते हैं, जिससे इनकी आबादी में गिरावट और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान होता है। मिट्टी और पानी में माइक्रोप्लास्टिक्स की उपस्थिति भी कृषि उत्पादकता और जैव विविधता पर हानिकारक प्रभाव डाल सकती है, जिससे हम जिस पर्यावरणीय संकट का सामना कर रहे हैं, वह और बढ़ सकता है।

हमारी खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों के विकास जैसे उपायों के माध्यम से अपने स्रोत पर प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के प्रयास आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, हमारी खाद्य आपूर्ति में माइक्रोप्लास्टिक्स के प्रसार को रोकने के लिए खाद्य उत्पादन और पैकेजिंग प्रक्रियाओं की अधिक कठोर निगरानी और विनियमन की आवश्यकता है।

उपभोक्ताओं के रूप में, माइक्रोप्लास्टिक संकट से निपटने में भी हमारी भूमिका है। न्यूनतम प्लास्टिक पैकेजिंग वाले उत्पादों का चयन करके, स्थिरता को प्राथमिकता देने वाली कंपनियों का समर्थन करके, और अपनी प्लास्टिक की खपत को कम करके, हम प्लास्टिक की मांग को कम करने और पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# गारंटियों का चुनावी महासंग्राम

**भाजपा ने इसका तोड़ तो निकाला है क्योंकि रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने यह कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर स्कीम की समीक्षा करने के लिए तैयार है। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भाजपा को अपने जन्म से लेकर ही बहुत पसन्द रहा है और 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव भी इसने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर ही जीते थे।**

वर्तमान दौर के चुनावों में नया शब्द गारंटी निकल कर आया है जिसका अर्थ होता है कि मतदाताओं से जो वादा किया जाता है वह शर्तिया तौर पर राजनैतिक दल सत्ता में आने पर पूरा करेंगे। असल में यह विचारधारा से हट कर वादे पूरे करने का भी एक तरीका है हालांकि वादे विचारधारा के अनुसार ही राजनैतिक दल मतदाताओं से करते हैं। इन चुनावों में सत्तारूढ़ दल भाजपा भी गारंटी दे रही है और विपक्षी पार्टी कांग्रेस भी गारंटी दे रही है।

दोनों की गारंटियों में मूल रूप से कोई बड़ा अंतर नहीं है क्योंकि जहां कांग्रेस पार्टी प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपए देने का वादा कर रही है तो वहीं भाजपा अगले साल पांच सालों के दौरान तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का दिलासा दे रही है। भाजपा और कांग्रेस के घोषणापत्रों में स्पष्ट अंतर यही है कि भाजपा राष्ट्रवाद को सर्वोच्च रख कर लोगों से वादे कर रही है और कांग्रेस लोक कल्याणकारी राज के वादे के साथ गांधीवाद के सिद्धान्त के अनुसार सीधे लोगों के हाथ में अधिकार देने का वादा करती लगती है। हालांकि भाजपा भी लोक कल्याणकारी राज की स्थापना के लिए प्र?तिबद्ध दिखती है मगर उसका लोगों को सशक्त बनाने का तरीका दूसरा है। वह वादा कर रही है कि युवा उद्यमियों को बिना बैंक गारंटी का 20 लाख रु. तक का ऋण अपना रोजगार शुरू करने के लिए दिया जायेगा जबकि कांग्रेस कह रही है कि केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में जो तीस लाख पद खाली पड़े हुए हैं उन्हें सत्ता पर पहुंचते ही तुरन्त भरा जायेगा। भाजपा युवाओं को सीधे उद्यमी बनाना चाहती है जबकि कांग्रेस प्रत्येक शिक्षित युवा को प्रशिक्षु अधिनियम के तहत किसी व्यवसाय में पारंगत कर उसमें आगे नौकरी पाने का रास्ता खोलना चाहती है और एक साल के प्रशिक्षण के दौरान एक लाख रु. देने की गारंटी दे रही है। गौर से देखें तो केन्द्र सरकार ने फौज में भर्ती के लिए जो अग्निवीर योजना शुरू की वह इसी प्रशिक्षु स्कीम का विस्तारित रूप है जिसमें किसी नौजवान को चार साल तक सेना में सेवा में काम करने का अवसर दिया जाता है और उसके बाद 12 लाख रु. देकर उसे अपने विशेषज्ञ क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए स्वतन्त्र कर दिया जाता है। कांग्रेस का कहना है कि सेना के लिए यह प्रशिक्षु स्कीम अनुचित है और पुरानी प्रथा ही जारी रहनी चाहिए जिसमें किसी नौजवान को सेना से रिटायर होने के बाद पेंशन दी जाती थी। युवा वर्ग के लिए यह मामला भावुकता का भी है मगर है यह कांग्रेस की प्रशिक्षु स्कीम के जैसा ही। यही वजह है कि कांग्रेस बेरोजगारी को बहुत बड़ा मुद्दा बना रही है। भाजपा ने इसका तोड़ तो निकाला है क्योंकि रक्षामन्त्री श्री राजनाथ सिंह ने यह कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर स्कीम की समीक्षा करने के लिए तैयार है। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भाजपा को अपने जन्म से लेकर ही बहुत पसन्द रहा है और 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव भी इसने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर ही जीते थे। भाजपा की सबसे बड़ी गारंटी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी मानी जा रही है। भाजपा निश्चित रूप से यह कह सकती है कि राष्ट्रीय सन्दर्भों में उसने देशवासियों से जो वादे किये उन्हें पूरा किया। जैसे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का उसका वादा 1953 से ही चला आ रहा था जब उसके संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान इसी उद्देश्य के लिए इसी राज्य की धरती पर हुआ था। अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर का पृथक संविधान और प्रधानमन्त्री व ध्वज होता था। 1953 में डा. मुखर्जी ने यही नारा दिया था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चल सकते। हालांकि यह भी हकीकत है कि जब भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 को जोड़ा गया था तो डा. मुखर्जी पं. जवाहर लाल नेहरू की ही सरकार में उद्योग मन्त्री थे। परन्तु उन्होंने दिसम्बर 1950 में पाकिस्तान के प्रधानमन्त्री लियाकत अली खां के साथ पं. जवाहर लाल नेहरू का समझौता होने पर मन्त्रिमंडल से इस्तीफा दिया और 1951 में अपनी अलग भारतीय जनसंघ पार्टी बनाई।



# धोनी ने 101 मीटर लंबा छक्का लगाया

## जडेजा का फ्लाइंग कैच, मोईन ने लगातार 3 सिक्स मारे; डी कॉक को मिला जीवनदान...



**लखनऊ ● एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 के 34वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने चेन्नई सुपरकिंग्स को हरा दिया। लखनऊ में कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डी कॉक की 134 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ने मैच को एकतरफा बना दिया। डी कॉक को जीवनदान मिला, जिसका फायदा उन्होंने फिफ्टी लगाकर उठाया।

CSK के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 101 मीटर लंबा सिक्स लगाया। मोईन अली ने लगातार 3 छक्के लगाए, वहीं रवींद्र जडेजा ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा।

**रचिन का गोल्डन डक**

CSK के विदेशी ओपनर रचिन रवींद्र पिछले 5 मैच से कुछ खास नहीं कर सके। लखनऊ के खिलाफ तो वह खाता खोले बगैर पहली ही बॉल पर आउट हो गए। उन्हें दूसरे ओवर की पहली बॉल पर मोहसिन खान ने बोल्ड किया। क्रिकेट में पहली गेंद पर आउट होने को गोल्डन डक कहते हैं, रचिन ने अपने IPL करियर में पहला गोल्डन डक बनाया।

**मोईन अली ने 3 गेंद पर 3 लगातार छक्के लगाए**

CSK के ऑलराउंडर मोईन अली ने 18वें ओवर में रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। हालांकि, बिश्नोई ने इसी ओवर में ही मोईन को पवेलियन भी भेजा। बिश्नोई के खिलाफ ओवर की दूसरी, तीसरी और चौथी बॉल पर मोईन ने मिड-विकेट और सामने की दिशा में छक्के लगाए। वहीं 5वीं बॉल पर बिश्नोई ने मिड-विकेट पर ही मोईन को कैच भी कराया। मोईन ने 20 बॉल पर 30 रन बनाए।

जडेजा को मिला जीवनदान, उन्होंने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की

CSK के रवींद्र जडेजा को 17वें ओवर में जीवनदान मिला। ओवर की तीसरी बॉल मोहसिन खान ने फुलर लेंथ फेंकी, जडेजा ने सामने की ओर शॉट खेला। बॉल लॉन्ग ऑन की ओर गई, यहां खड़े दीपक हुड्डा ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनके हाथ से छूटकर बाउंड्री के बाहर चली गई। इस जीवनदान के बदले जडेजा को 6 रन मिले और उन्होंने 34 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

**धोनी ने लगाया 101 मीटर लंबा छक्का**

CSK के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन की नॉटआउट पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 2 चौके और 2 छक्के लगाए। इनमें से एक सिक्स 101 मीटर लंबा रहा। 20वें ओवर की तीसरी बॉल यश ठाकुर ने फुलर लेंथ फेंकी, धोनी ने लॉन्ग ऑन की दिशा में छक्का लगा दिया।

**डी कॉक को मिला जीवनदान**

लखनऊ की पारी के 9वें ओवर में ओपनर क्विंटन डी कॉक को जीवनदान मिला। ओवर की दूसरी बॉल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। डी कॉक ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बॉल शॉर्ट थर्ड मैन की दिशा में चली गई। यहां खड़े मथीश पथिराना ने डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनके हाथ से छूट गई। डी कॉक को 31 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला, उन्होंने 54 रन की पारी खेल दी।

# चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन हैं धोनी, हार के बाद बोल कोच फ्लेमिंग




लखनऊ, एजेंसी। महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के 'दिल की धड़कन बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाए लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा, 'यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे।% उन्होंने कहा, 'उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं।% उन्होंने कहा, 'हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं। इसलिए दो तीन ओवर खेलना ही ठीक है। वह हर समय अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं और उसे देखने में मजा आ रहा है।% लंबे समय से चेन्नई के कोच रहे फ्लेमिंग ने कहा कि पांच बार टीम को खिताब दिलाने वाले धोनी टीम के दिल की धड़कन हैं और हर स्टेडियम पर दर्शकों से उन्हें मिल रहे अपार प्रेम के बीच उनकी मौजूदगी के हर पल का टीम लुत्फ उठा रही है। उन्होंने कहा, 'जब वह मैदान पर आते हैं तो क्या जबर्दस्त माहौल होता है। वह भी दर्शकों का पूरा मनोरंजन करते हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। वह टीम के दिल की धड़कन हैं। उनकी मौजूदगी के हर मिनट का हम पूरा आनंद लेते हैं।

# Seine नदी पर Paris Olympics का उद्घाटन समारोह लगभग चार घंटे तक चलेगा

**पेरिस ● एजेंसी**



सीन नदी पर सूर्यास्त और चांद की चांदनी के साथ पेरिस ओलंपिक का भव्य उद्घाटन समारोह लगभग चार घंटे तक चलेगा। कुल 205 देशों और क्षेत्रों का प्रतिनिधिमंडल सीन नदी पर 80 से अधिक नावों पर परेड करेंगे। यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर (3.7 मील) की दूरी तय करेगा।

कार्यक्रम स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। एथलीटों की परेड से पहले कलात्मक प्रदर्शन होगा। एथलीट तट पर सुरक्षा घेरे के पीछे मौजूद लगभग 320,000 प्रशंसकों के सामने से गुजरेंगे। अन्य लोग महत्वाकांक्षी समारोह को विशाल स्क्रीनों पर देखेंगे। पेरिस खेलों की समारोह निदेशक मैरी-कैथरीन एटोरी ने गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, ''एक शाम के लिए सीन को एक विशाल खुले समारोह में बदल दिया जाएगा।

# केएल राहुल और ऋतुराज पर लगा 12-12 लाख का जुर्माना

## स्लो ओवर रेट के लिए इस सीजन 8 कप्तानों पर लग चुका है फाइन

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड और लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के कप्तान केएल राहुल पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने 12-12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच IPL का मुकाबला खेला गया था। मैच में दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ने यह जानकारी मैच के बाद दी।

IPL ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन लखनऊ और चेन्नई की यह पहली गलती थी, इसलिए IPL कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है।

**हार्दिक पंड्या पर स्लो ओवर के लिए लगाया गया था जुर्माना**

मुंबई इंडियंस (MI) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी गुरुवार को न खेले गए मैच में स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। इस मैच में मुंबई इंडियसं ने पंजाब को 9 रन से हराया। मोहाली में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 53 बॉल पर 78 रन बनाए। पंजाब 19.1 ओवर में 183 रन पर आउट हो गई।



कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कोलकाता में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (RR) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते अय्यर पर जुर्माना लगा।

इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 223 रन बनाए। सुनील नरेन ने 56 बॉल पर 109 रन बनाए। राजस्थान ने 20 ओवर खेलकर 8 विकेट के नुकसान पर 224 रन बना दिए। राजस्थान रॉयल्स (RR) के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस (GT) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया।

# 4 टीमों के 8-8 पॉइंट्स हुए, बुमराह टॉप विकेट टेकर

**मुंबई ● एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 34 मैच खत्म हो चुके हैं। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। इसके बावजूद दोनों टीमें पॉइंट्स टेबल में अपनी पिछली पोजिशन पर बनी हुई हैं, हालांकि स्र्त्न को 2 पॉइंट्स का फायदा जरूर हुआ। इससे अब 4 टीमों के 8-8 पॉइंट्स हो गए।

**पॉइंट्स टेबल में तीसरे पर कायम CSK**

शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ हार मिली। CSK ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। LSG ने 19 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। CSK को करीबी हार से पॉइंट्स टेबल में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। टीम अब भी 8 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम को 7 में से 4 मैच में जीत और 3 में हार मिल चुकी है। टीम की बाकी 2 हार हैदराबाद और दिल्ली के खिलाफ रही। LSG के अब 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद के भी इतने ही पॉइंट्स हैं, लेकिन कमजोर



रन रेट के कारण लखनऊ इन तीनों टीमों से नीचे पांचवें नंबर पर है।

**टॉप-5 स्कोरर में राहुल ने बनाई जगह**

टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर अब भी RCB के विराट कोहली ही हैं। हालांकि, LSG के केएल राहुल 82 रन बनाकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। कोहली के 361 और राहुल के 286 रन हैं। SRH के हेनरिक क्लासन 109 रन बनाकर टॉप पर आ सकते हैं।

**बुमराह अब भी टॉप विकेट टेकर**

MI के जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर में पहले नंबर पर हैं, उनके नाम 7 मैचों में 13 विकेट हैं। शुक्रवार को CSK के मुस्तफिजुर रहमान एक विकेट लेकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 6 मैचों में 11 विकेट हैं। DC के खलील अहमद 4 विकेट लेकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

**नंबर-1 सिक्स हिटर बन सकते हैं अभिषेक शर्मा**

SRH के हेनरिक क्लासन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर हैं, उनके नाम 6 मैचों में 24 सिक्स हैं। उनके पास टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका है। हालांकि, उन्हीं की टीम के अभिषेक शर्मा 7 सिक्स लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं। दिल्ली के ट्रिस्टन स्टब्स को पहले नंबर पर पहुंचने के लिए 10 सिक्स लगाने होंगे। LSG के निकोलस पूरन 20 सिक्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए।

**बाउंड्री के बादशाह अब भी कोहली ही हैं**

17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके अब भी RCB के विराट कोहली ने ही लगाए हैं। उनके नाम 7 मैचों में 35 चौके हैं। स्र्त्न के केएल राहुल 7वें और CSK के ऋतुराज गायकवाड छठे नंबर पर पहुंचे। गायकवाड के 26 और राहुल के 25 चौके हैं। SRH के ट्रैविस हेड 8 चौके लगाकर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

# FD पर ज्यादा रिटर्न के लिए सही जगह करें निवेश

## IDBI और BOI सहित कई बैंकों की ब्याज दरों में बदलाव, देखें कहां ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

IDBI, बैंक ऑफ इंडिया (BOI) और फेडरल बैंक सहित कई बड़े बैंकों ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। अगर आप इन दिनों FD कराने का प्लान बना रहे हैं तो आपको इससे पहले बैंकों की नई ब्याज दरों के बारे में जरूर जानना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं कि 2 करोड़ रुपए से कम की FD पर कौन-सा बैंक कितना ब्याज दे रहा है। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश कर सकें।

**FD से मिलने वाले ब्याज पर भी देना होता है टैक्स**

FD से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है। आप एक साल में FD पर जो भी ब्याज कमाते हैं, वो आपकी एनुअल इनकम में जुड़ता है। कुल आय के आधार पर, आपका टैक्स स्लैब निर्धारित किया जाता है। चूंकि स्नष्ठ पर अर्जित इंटरेस्ट इनकम को ÷इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज÷ माना जाता है, इसलिए इसे टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स या TDS के तहत चार्ज किया जाता है। जब आपका बैंक आपकी ब्याज आय को आपके अकाउंट में




जमा करता है, तो उसी समय TDS काट लिया जाता है।

**आइए जानते हैं FD पर टैक्स से जुड़े कुछ पॉइंट**

यदि आपकी कुल आय एक वर्ष में 2.5 लाख रुपए से कम है, तो बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर TDS नहीं काटता है। हालांकि, इसके लिए आपको फॉर्म 15G या 15H जमा करना पड़ेगा। ऐसे में अगर आप TDS बचाना चाहते हैं तो फॉर्म 15G या 15H जरूर जमा करें।

यदि सभी FD से आपकी इंटरेस्ट इनकम एक वर्ष में 40,000 रुपए से कम है, तो TDS नहीं काटा जाता है। वहीं अगर आपकी ब्याज आय 40,000 रुपए से अधिक है तो 10% TDS काटा जाएगा। पैन कार्ड नहीं देने बैंक 20% काट सकता है।

40,000 से ज्यादा इंटरेस्ट इनकम पर TDS काटने की यह लिमिट 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए है। वहीं 60 साल से ज्यादा उम्र, यानी सीनियर सिटीजन की FD से 50 हजार रुपए तक की आय टैक्स फ्री होती है। इससे ज्यादा आय होने पर 10% TDS काटा जाता है। अगर बैंक ने आपकी FD इंटरेस्ट इनकम पर TDS काट लिया है और आपकी कुल आय इनकम टैक्स के दायरे में नहीं आती है तो आप काटे गए TDS को टैक्स फाइल करते समय क्लेम कर सकते हैं। ये आपके अकाउंट में क्रेडिट कर दिया जाएगा।

# शीर्ष तीन IT कंपनियों में 2023-24 के दौरान 64,000 कर्मचारी घटे

**बेंगलुरु।** देश की तीन सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और विप्रो में वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 64,000 कर्मचारी कम हुए हैं। दुनिया भर में कमजोर मांग और ग्राहकों के तकनीकी खर्च में कटौती के चलते इन कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटी हैं।

विप्रो ने शुक्रवार को अपनी चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के दौरान कहा कि मार्च 2024 तक उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2,34,054 रह गई, जो इससे एक साल पहले इसी महीने के अंत में 2,58,570 थी। इस तरह मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के दौरान कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 24,516 की कमी आई। विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या में कमी मुख्य रूप से बाजार और मांग की दशाओं के साथ ही परिचालन दक्षता के कारण हुई। भारत का आईटी सेवा उद्योग वैश्विक व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के चलते दबाव महसूस कर रहा है। देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा निर्यातक इन्फोसिस ने कहा कि मार्च 2024 के अंत में उसके कुल कर्मचारियों की संख्या 317,240 थी, जो पिछले साल की समान अवधि में 343,234 थी। इस तरह कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 25,994 की कमी हुई। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस में भी कर्मचारियों की संख्या में 13,249 की गिरावट हुई।

# जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के चौथी तिमाही के नतीजे घोषित

## Q4FY24 में नेट प्रॉफिट रूपए 310 करोड़ रहा, नेट इंटरेस्ट इनकम रूपए 280 करोड़ रही

**मुंबई ● एजेंसी**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने Q4FY24 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में जियो फाइनेंशियल का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 6% बढ़कर रूपए 310 करोड़ रहा।

**चौथी तिमाही में नेट इंटरेस्ट इनकम 280 करोड़ रही**

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (NBFC) जियो फाइनेंशियल की चौथी तिमाही में नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) 280 करोड़ रुपए रही। वहीं टोटल इंटरेस्ट इनकम 418 करोड़ रुपए और टोटल रेवेन्यू 418 करोड़ रुपए रहा।

इससे पहले तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में जियो फाइनेंशियल का नेट प्रॉफिट 293 करोड़ रुपए रहा था। वहीं तीसरी तिमाही (Q3FY24) में नेट इंटरेस्ट इनकम 269 करोड़ रुपए रही थी। वहीं टोटल इंटरेस्ट इनकम 414 करोड़ रुपए और टोटल रेवेन्यू 413 करोड़ रुपए रहा था।

**जियो फाइनेंशियल का शेयर 370 रुपए पर बंद**




शुक्रवार को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर 2.22% की गिरावट के साथ 370 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 2.35 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है।

**21 अगस्त को लिस्ट हुआ था JFS का शेयर**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (JFS) की लिस्टिंग 21 अगस्त को हुई थी। यह BSE पर 265 रुपए और NSE पर 262 रुपए पर लिस्ट हुआ था। 19 जुलाई के कारोबारी दिन के अंत में जिन-जिन शेयरहोल्डर्स के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर्स थे, उन्हें 1:1 के रेश्यो में जियो फाइनेंशियल के शेयर मिले थे। उदाहरण के लिए यदि किसी निवेशक के पास RIL के 100 शेयर थे, तो उसे छ्वस्नस् के 100 शेयर दिए गए थे।

**जुलाई में RIL से अलग हुई थी कंपनी**

रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस जुलाई महीने में अपनी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) से अलग हुआ था। डीमर्जर के बाद प्राइस डिस्कवरी मैकेनिज्म के तहत जियो फाइनेंशियल के शेयर का भाव 261.85 रुपए तय हुआ था।

**कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का प्लान**

जियो फाइनेंशियल का प्लान कंज्यूमर और मर्चेंट लैंडिंग बिजनेस शुरू करने का है। ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की दिग्गज कंपनी मैक्रेरी ने पिछले साल अपनी रिपोर्ट में रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस को मार्केट ग्रोथ के मामले में पेटीएम और अन्य फिनटेक कंपनियों के लिए एक बड़ा खतरा बताया था।

# अमारा राजा इन्फ्रा को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना मिली

अमारा राजा इन्फ्रा प्राइवेट लि. (एआरआईपीएल) को आंध्र प्रदेश में ग्रीनको से 700 मेगावाट की सौर परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस परियोजना के साथ बीते वित्त वर्ष के अंत में अमारा राजा इंफ्रा (एआरआईपीएल) के पास कुल 1,516 करोड़ रुपये की परियोजनाएं आ गई हैं।

इसमें कहा गया है, ''एआरआईपीएल ने ग्रीनको से 500 मेगावाट/700 मेगावाट पीक की सौर बीओएस परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।'' यह परियोजना आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले में उय्यलवाड़ा कस्बे के पास 2,200 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है।

# एलन मस्क का भारत दौरा टलाः मस्क 21 अप्रैल को भारत आने वाले थे, PM मोदी से करनी थी मुलाकात



नई दिल्ली स्पेसएक्स और टेस्ला के मालिक एलन मस्क की भारत यात्रा टल गई है। अब वे इस साल के आखिर में भारत आएंगे। एलन मस्क ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट X पर एक पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए लिखा दुर्भाग्य से, टेस्ला में ज्यादा काम होने के कारण भारत की यात्रा में देरी हुई, लेकिन मैं इस साल के आखिर में यात्रा के लिए बहुत उत्सुक हूं।

मामले से जुड़े लोगों के अनुसार मस्क को टेस्ला की पहली तिमाही के परफॉर्मेंस से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्फ्रेंस कॉल में हिस्सा लेना है।

**मस्क को 21-22 अप्रैल को भारत आना था**

इससे पहले खबर थी की एलन मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत में रहेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा टेस्ला के ष्टश्वह्र और उनकी टीम सरकारी अधिकारियों और इंडस्ट्री रिप्रेजेंटेटिव्स

# ऑफिस में पॉलिटिक्स के लिए कोई जगह नहीं: 28 एम्प्लॉई को निकालने के बाद गूगल CEO ने कर्मचारियों को दिया मैसेज

**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

न्यूयॉर्क टेक कंपनी गूगल (Google) के CEO सुंदर पिचाई ने अपने कर्मचारियों से पॉलिटिक्स को वर्कप्लेस (ऑफिस) से दूर रखने को कहा है। CEO ने ये बात गूगल से 28 कर्मचारियों को निकालने के बाद कंपनी के कर्मचारियों के लिए लिखे एक ब्लॉग पोस्ट में कही है।

इसमें उन्होंने कर्मचारियों को एक तरह से आदेश दिया कि दफ्तर आकर वह काम करें, न कि राजनीति में उलझें। मिशन फर्स्ट शीर्षक वाले अपने नोट में पिचाई ने कहा- कंपनी की पॉलिसी और एक्सपेक्टेशंस क्लीयर हैं। ऑफिस में पॉलिटिक्स के लिए कोई जगह नहीं है।

**निंबस प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे थे कर्मचारी**

दरअसल, कुछ एम्प्लॉईज कंपनी के 1.2 बिलियन के निंबस प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे थे, जो अमेजन के साथ एक ज्वाइंट प्रोजेक्ट है। इसमें इजरायल सरकार और सेना को क्लाउड सर्विस देने की बात कही जा रही है।

प्रोजेक्ट के विरोध में न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया और सनीवेल शहरों में गूगल के ऑफिसों में घंटों तक धरना देने के बाद पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने खुद को परिसर से बाहर निकाले जाने का लाइवस्ट्रीम किया था। इसके बाद गूगल ने 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था।



गूगल CEO ने नोट में क्या कहा...

पिचाई ने कर्मचारियों से अपने नोट में कहा, %गूगल का कल्चर हमेशा से खुली बातचीत को बढ़ावा देने वाला रहा है। यही वजह हमें बेहतरीन प्रोडक्ट बनाने और अच्छे आइडियाज पर एक्शन लेने के काबिल बनाती है। एक बात ध्यान रखने की है कि आखिर में हम एक दफ्तर में काम करते हैं और यहां की कुछ पॉलिसी और एक्सपेक्टेशंस क्लीयर हैं। हम एक बिजनेस के लिए काम करते हैं। इसलिए ऑफिस ऐसी जगह नहीं है, जहां आप अपने को-वर्कर्स के काम में बाधा डालें, उन्हें असुरक्षित महसूस कराएं। कंपनी को पर्सनल प्लेटफॉर्म की तरही इस्तेमाल करें या व्यवधान पहुंचाने वाले मुद्दों पर आपस में लड़ें या राजनीति पर चर्चा करें।

# कलेक्टर, सीईओ ग्राम सेऊ में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हुए

## शत-प्रतिशत मतदान करने को तैयार ग्राम सेऊ के मतदाता

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने आज संयुक्त रूप से शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत नटेरन के ग्राम सेऊ में मतदाता जागरूकता अभियान तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई 2024 को अपने नियत मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान करने हेतु अभिप्रेरित किया।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने पिछले विधानसभा निर्वाचन में ग्राम सेऊ में हुए 70 प्रतिशत मतदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गांव इतना जागरुक है इसके बावजूद भी 30 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने ग्राम के समस्त मतदाताओं से आव्हान किया कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदाता मतदान तिथि 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने मतदान के महत्व पर गहन प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए मतदाताओं के मन में यह विचार कभी नहीं आना चाहिए कि उनके अकेले के वोट डालने से किसी को क्या फर्क पड़ेगा। हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें यह मतदाता के लिए स्वयं में एक अलग अनुभूति होती है।

कलेक्टर वैद्य ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ग्राम के मतदाताओं की सूची बनाएं और जो मतदाता गांव से बाहर निवास करते हैं उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि ग्राम में




इस बार शत प्रतिशत मतदान हो सके।

मोटरसाइकिल रैली

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान संभव हो इस हेतु कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने स्वयं मोटरसाइकिल रैली में बाईक पर सवार होकर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया है।

कलेक्टर वैद्य ने मोटरसाइकिल चलाकर रैली का नेतृत्व किया और सेऊ ग्राम वासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु अभिप्रेरित किया है। रैली में जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी के साथ-साथ ग्रामीण जन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने भी सहभागिता निभाई है।

रस्साकसी प्रतियोगिता में महिलाओं ने निभाई सहभागिता

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आज ग्राम सेऊ में ग्रामीण महिलाओं के मध्य रस्सा-कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस अवसर पर कलेक्टर स्वंय अपने आप को नहीं रोक पाए और उन्होंने ग्रामवासियों और जिला अधिकारियों के मध्य मौके पर रस्साकसी प्रतियोगिता में जिला स्तरीय टीम को उतारा और मनोरंजन के माध्यम से सेऊवासियों सहित सभी के लिए मतदान करने के लिए अभिप्रेरित किया है। ग्राम सेऊ के मंगल भवन परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ पल पर हायर सेकेण्डरी स्कूल आमखेडा सूखा की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक दो तीन चार आया मतदान का त्यौहार को रेखांकित करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश सम्प्रेषित किया है इसी प्रकार नटेरन के सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक दूनी दो, दो दूनी चार नाटक के द्वारा आओ यार करे मतदान का तथा नटेरन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एक दो तीन चार मतदाताओं बनो होशियार, घर-घर जाकर यही संदेश सात मई को करना है मतदान का संदेश दिया है वहीं ग्राम की आंगनबाडी कार्यकर्ता तथा स्थानीय कलाकार ने स्थानीय बोली के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से संदेश सम्प्रेषित किए है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर वैद्य ने कहा कि ग्रामवासियों में यह जोश प्रदर्शितकर रहा है कि सात मई को हम सब शत प्रतिशत मतदान करेंगे और प्रदेश सहित देश में ग्राम सेऊ का नाम जाना जाए यह कृत मतदान के माध्यम से संपादित करेंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी ने भी सम्बोधित किया है। मतदाता जागरूकता शपथ से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम स्थल पर नटेरन एसडीएम अजय प्रताप सिंह समेत खण्ड स्तरीय अधिकारी, ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**श्योपुर,** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पीजी महाविद्यालय श्योपुर एवं आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर शासकीय पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमें जागरूकता के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना आवश्यक है एवं जंक फूड से दूरी बनाए रखना भी आवश्यक है। आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद दोहरे ने बताया कि अन्य अधिकारों के साथ स्वास्थ्य भी हमारा अधिकार है इस हेतु हमें सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं शासकीय पीजी महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ मनु प्रताप सिंह भदोरिया ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उमंग हेल्थ वैलनेस कार्यक्रम के उद्देश्य ,बेहतर स्वास्थ्य में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी गई।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शासकीय पीजी महाविद्यालय की छात्रा निधि वैष्णव, द्वितीय स्थान पर मुजाहिद अंसारी एवं तृतीय स्थान पर अमित सिंह रहे। निर्णायक मंडल में डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ अनिल सिंह तोमर एवं डॉ मनीष सैनी शामिल रहें। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ निशा वर्मा ने व्यक्त किया।

# कलेक्टर द्वारा पांच प्रकरणों में जिला बदर के आदेश

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले के पांच आदतन अपराधियों को जिला बदर किये जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर अनावेदक सरदार सिंह लोधी पिता हरिसिंह लोधी

उम्र 45 साल निवासी ग्राम अंबार थाना ग्यारसपुर, आकाश उर्फ टक्कू पिता दयाचंद अहिरवार उम्र 23 साल निवासी वार्ड नं. 04 रविदास कालोनी बासौदा, राजा कुशवाह पिता मांगीलाल उम्र 21 साल निवासी राजेन्द्र नगर गंजबासौदा, थाना देहात गंजबासौदा, संग्राम पिता धनसिंह लोधी उम्र 38 साल निवासी दैयरपुर थाना हैदरगढ एवं (5) इंदर सिंह अहिरवार पुत्र श्यामलाल अहिरवार उम्र 40 साल निवासी ब्योची

थाना करारिया चैराहा छह माह की कालावधि के लिए जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से जिला बदर निष्कासन के आदेश जारी किए गए हैं।

आदेश में उल्लेखित किया गया है कि उक्त अनोवदक जिला बदर निष्कासन कालावधि के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें। अनावेदक के इन जिलों के न्यायालयों में यदि कोई राजस्व, आपराधिक मामले गतिशील हो तो उन मामलो में तारीख पेशी के दिन उन जिलों के न्यायालय में आ एवं जा सकेगा इसके लिए अनावेदक को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को सूचना देना अनिवार्य होगा।

## कॉलेज तथा स्कूलो में आयोजित होंगी स्लोगन प्रतियोगिता

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ तथा स्वीप नोडल जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के सभी शासकीय, अशासकीय कॉलेजो तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलो में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। कॉलेज तथा स्कूल स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 22 अप्रैल को तथा जिला स्तर पर 23 अप्रेल को प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो के स्लोगन 25 अप्रैल को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजे जायेगे। प्रत्येक वोट जरूरी विषय पर आयोजित जिला स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज श्योपुर में किया जायेगा। इसके पूर्व संस्था स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# एसडीएम द्वारा पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी मतपत्र के संबंध में बैठक ली

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग अंतर्गत पिछोर सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी तथा अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कर्मचारियों के वोट डलवाए जाने तथा ईडीसी जारी करने के संबंध में बैठक ली गई।

बैठक में एसडीएम द्वारा बताया गया जिन मतदाताओं को ईडीसी जारी किया जा चुका है अब वह केवल ईडीसी से ही मतदान करेंगे। उन्होंने कहा है कि ईडीसी धारक मतदाता अपने मूल मतदान केंद्र को छोड़कर निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी अन्य मतदान केंद्र पर ईडीसी देकर मतदान कर सकते हैं।साथ ही जो कर्मचारी रिजर्व स्टाफ के रूप में ड्यूटी पर लगा हुआ है बह अपने रुकने के स्थान के नजदीकी मतदान केंद्र पर पहले ही मतदान कर दे। क्योंकि उन कर्मचारियों को किसी भी मतदान केंद्र पर भेजा जा सकता है ।एसडीएम द्वारा बताया गया कि डाक मत पत्र का आकलन कर उनके फार्म 12 तैयार कर उनकी सूची तैयार करें, ताकि जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी जा सके इसके साथ ही मतदान दल के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान ही सभी मतदान कर्मियों का मतदान संपन्न कराना है। साथ ही ट्रैनिंग सेंटर में स्थापित किए जाने वाले फेशिलिटेशन सेंटर के माध्यम से मतदान दलकर्मियों एवं आवश्यक सेवा में लगे कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराना है, तथा मतदान करने वाले कर्मचारियों की प्रतिदिन की रिपोर्ट तैयार कर जिला निर्वाचन को भी भेजी जानी है। एसडीएम ने बताया की जिन कर्मचारियों की ड्यूटी गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में है और बह विधानसभा क्षेत्र 25,26 तथा 27 के कर्मचारी है तो ऐसे कर्मचारियों के लिए ईडीसी द्वारा वोट डालने होंगे तथा उन्हें ईडीसी जारी किया जाएगा तथा जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लोकसभा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 23 एवं 24 में लगी हुई है ऐसे कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा वोट डालने होंगे तथा डाक मत पत्र जारी किए जायेंगे। उन्होंने कहा की कर्मचारी अपनी भाग संख्या, सरल क्रमांक आदि किस तरह से देख सकते है इसके लिए कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कुछ चैनल सुझाव दें। जिनमे कर्मचारियों को देखने में आसानी हो सके। बैठक के दौरान तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर, पिछोर सीईओ श्रीमति सृष्टि भदोरिया, खनियाधाना सीईओ मोगराज मीना, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन, मास्टर ट्रेनर प्रदीप पाठक, विकास भार्गव , पंचायत इंस्पेक्टर रामकिशन टेंगर, विकास गोयल उपस्थित थे।

# मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से किया मतदान के लिए जागरूक

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अतेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



इसी क्रम में आज नगर पालिका भवन श्योपुर में मतदाता जागरूकता पर आधारित मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे महिला मतदाताओ द्वारा सहभागिता कर मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन लिख मेंहदी रचाई गई।

स्वीप नोडल नगरपालिका आदित्य चौहान ने बताया कि मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करुणा गौतम ने, द्वितीय स्थान पायल गोयल तथा तृतीय स्थान अंजुम अरमान अली ने प्राप्त किया। इसके साथ ही हसीना खान, परवीन इंसाफ एवं लक्ष्मी देवी द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजना मारवाड़ी भी उपस्थित थी।

# सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पर्दे के पीछः बापोद्रा सेट में पट्टियां बांधे हुए दिखे; क्या हो रहा है?

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़ संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी बताता है, जो बिना उम्मीद खोए जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हालिया घटनाक्रमों में,नरहरि बापोद्रा (जयेश बारभाया) पार्षद बनने के बाद काफी व्यस्त शेड्यूल से गुज़र रहे हैं, जबकि वे अपनी पत्नी सुशीला (तुलिका पटेल) के साथ अधिक समय बिताना चाहते हैं, क्योंकि वह गर्भवती है, लेकिन अपने काम के कारण वे ऐसा नहीं कर पाते हैं।



एक दिलचस्प ट्विस्ट में, दर्शक लगातार पुष्पा से भिड़ने वाले, बापोद्रा को अपने चेहरे, गर्दन और हाथों पर पट्टियां बांधकर शूटिंग करते हुए देखेंगे। क्या यह चॉल के निवासियों के साथ पैदा हुई गलतफहमियों का नतीजा है, जो उन पर उनके घर तोड़ने का आरोप लगाते हैं? इस अनुभव के बारे में बात करते हुए और यह समझाते हुए कि कैसे वे इस किरदार में प्रामाणिकता लाने में कामयाब रहे, जयेश बारभाया ने बताया कि कैसे उन्होंने पट्टियां बांधकर शूटिंग करने की चुनौती के बावजूद, स्क्रीन पर अपनी भूमिका को निभाने के लिए पूरी जान लगा दी।

नरहरि बापोदरा की भूमिका निभाने वाले जयेश बारभाया ने कहा, 'अपने किरदार के साथ काम करना और नए अनुभव हासिल करना हमेशा रोमांचक होता है। आगामी कहानी के लिए, मुझे पूरे एक हफ्ते शूटिंग के दौरान अपने चेहरे पर पट्टियां बांधनी पड़ीं। पट्टियां मेरी त्वचा से चिपक गई थी और भारी ड्रेसिंग के कारण चेहरा घुमाना या बोलना मुश्किल था, क्योंकि मेरा जबड़ा हिल नहीं पा रहा था, और यह काफी असुविधाजनक था। चुनौतियों के अलावा, यह थोड़ा असहज था, क्योंकि इन दिनों तापमान बढ़ रहा है और मुझे बहुत खुजली महसूस हो रही थी। कलाकार होने के नाते, हमें कई मुश्किल हालातों से गुज़रना पड़ता है, लेकिन हम अपने चेहरे पर मुस्कान लाकर ऐसा करते हैं, क्योंकि हमें दर्शकों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होता है।' पुष्पा इम्पॉसिबल देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, केवल सोनी सब पर

## कार्यपालन यंत्री पीएचई द्वारा ग्राम लाडपुरा का भ्रमण

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में लगातार भ्रमण कर पेयजल स्त्रोतो का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल द्वारा आज विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम लाडपुरा का भ्रमण किया गया तथा गांव में स्थापित विभिन्न पेयजल स्त्रोतो का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि 250 परिवारों की आबादी वाले ग्राम लाडपुरा में पेयजल व्यवस्था के लिए 4 सिंगल फेस मोटरपम्प तथा दो हैंडपम्प चालू है। इसके अलावा नलजल योजना में एक बोरवैल चालू है तथा दूसरे बोर की मोटर खराब होने से बंद पाये जाने पर सुधार करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही नवीन सिंगल फेस मोटर स्थापित करने की कार्यवाही भी की जा रही है। फिलहाल गांव में पेयजल की कोई समस्या नही है। उन्होने बताया कि खेरोदाकलां के रावत मोहल्ले में स्कूल के पास स्थित बोर से नलजल योजना चालू है तथा कोई समस्या नही है।

# सफर-ए-उमरा मक्का मदीना के लिए आज रवाना होगा 20 सदस्यीय दल





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**बड़वानी।** सफर-ए-उमरा के लिए सेंधवा से 20 सदस्यीय दल मक्का मदीना ज़ियारत के लिए आज मुंबई से रवाना होगा। दल की अगुवाई कर रहे मो. रफीक चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सेंधवा से 20 सदस्यीय दल मक्का मदीना ज़ियारत हेतु रवाना होगा। मो. रफीक चौहान ने बताया कि जिस तरह इस्लाम धर्म में हज फर्ज है, उसी तरह मुस्लिम अनुयायी मक्का मदीना 20 से 25 दिन ज़ियारत करने के लिए जाते हैं, जिसे उमरा कहा जाता है। रफीक चौहान ने कहा कि अल्लाह के घर मक्का मदीना जाकर मैं देश में अमन -चैन एवं भाईचारे की दुआ करूंगा। इस अवसर पर उमरा पर रवाना हो रहे ज़ायरीन मो. रफीक चौहान, जावेद शेख, यूनुस शेख, महमूद अली का इस्तकबाल हाजी फकरू चौहान पानसेमल के घर पर फूलहार पहनाकर किया गया। इस अवसर पर हाजी सलीम चौहान पलसूद, शब्बीर चौहान, साबिर चौहान सेंधवा, मोहम्मद हुसैन चौहान, रमजान चौहान, रउफ चौहान, फारूक चौहान, जुनैद चौहान, सलमान चौहान, समीर चौहान, सोहेल चौहान, रेहमान चौहान, यासिर चौहान, फैजान चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज जन उमरा पर जाने वाले ज़ायरीन को मुबारकबाद पेश करने के लिए मौजूद रहे।

## खुदा के घर देश में अमन-चैन भाईचारे की करूंगा दुआ : मो. रफीक चौहान

## पीएचई बुलेटिन

# 16 हैंडपम्पो की मरम्मत कर चालू किये गये

**श्योपुर,** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में किये जा रहे उपायो के तहत अब पीएचई विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतो तथा हैंडपम्पो की मरम्मत के संबंध में प्रतिदिन पेयजल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। संबंधित गांव के व्यक्ति सुधार हुआ है या नही इसकी पुष्टि कर सकते है और यदि सुधार एवं मरम्मत नही की गई है, तो उसकी जानकारी अगले 4 दिवस में प्रदान कर सकते है। पेयजल स्त्रोतो की मरम्मत के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जानकारी कार्यपालन यंत्री पीएचई शुभम अग्रवाल के मोबाइल नंबर 6387520477 पर दी जा सकती है।

इन निर्देशो के क्रम के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल द्वारा बताया गया है कि दिनांक 19 अप्रैल को 16 हैंडपम्पो की मरम्मत कर सुधार किया गया है।

श्योपुर विकासखण्ड अतंर्गत ग्राम बिलोनी में लवकेश के मकान के पास, ग्राम बंध में बाबू माली के मकान के पास, गुरनवादा की गुर्जर बस्ती में, बालापुरा में गुर्जर बस्ती रोड किनारे, सायपुरा में गणेशजी वाला हैंडपम्प, रतोदन में खातडी वाला हैंडपम्प का सुधार कार्य किया गया है। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम काठोन में मिडिल स्कूल वाला हैंडपम्प, गोहटा में अस्पताल के पास, मैदावली में विजय सिंह के मकान के पास, मकनापुरा में माता मंदिर के पास, हरी सिंह का पुरा में बंटी के मकान के पास, चक चादंखा में मैन रोड वाला हैंडपम्प, भैरोपुरा में मोहर सिंह के मकान के पास तथा माता मंदिर के पास, श्यामपुर में चंबल कॉलोनी स्थित हैंडपम्प की मरम्मत कर उन्हें चालू किया गया।

# निर्वाचन अंतर्गत एसएसटी नाको पर निगरानी जारी

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड द्वारा लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए श्योपुर जिले कि अंर्तराज्यीय सीमाओ सहित अन्य स्थानो पर अवैध शराब,नकदी,शस्त्र सहित मतदाताओ को प्रलोभन देने के लिए लाई जाने वाली वस्तुए सामग्री तथा अन्य संदेहास्पद सामग्री पर निगरानी रखने तथा कार्यवाही करने के लिए सात एसएसटी नाके स्थापित किए गए है, यह सभी नाके सक्रिय होकर संचालित है तथा यहां तैनात टीमो द्वारा वाहनो की चैकिंग का कार्य निरंतर रूप से किया जा रहा है। एसएसटी नाको पर निगरानी के दौरान वैध दस्तावेज नही होने के चलते अब तक 08 लाख 40 हजार रूपये की नकदी जब्त की गई है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंर्तराज्यीय सीमा स्थित सामरसा नाके पर 28 मार्च को 03 लाख रूपये, 19 मार्च को 01 लाख 50 हजार रूपये, जलालपुरा नाके पर 05 अप्रैल को 01 लाख 90 हजार रूपये तथा 18 अप्रैल को 01 लाख रूपये एवं कुंहाजापुर नाके पर 18 अप्रैल को 01 लाख रूपये की नकदी जब्त की गई है। विधानसभा क्षेत्र श्योपुर में 03 तथा विधानसभा क्षेत्र विजयपुर में 04 नाके बनाए गए है। इन नाके पर निगरानी के लिए 24 घंटे टीमें कार्यरत होकर निगरानी रख रही है, नाको का प्रभारी संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारो को बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में सामरसा, जलालपुरा तथा कुहांजापुर में एसएसटी नाके बनाए गए है। सामरसा नाके के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार दर्शनलाल जाटव को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जलालपुरा के लिए नायब तहसीलदार कमलकिशोर शर्मा तथा कुहांजापुर नाके के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।



इसी प्रकार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में विनेगा-नहरखेडा नाके के लिए नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सैंगर, सूसवाडा नाके के लिए नायब तहसीलदार नरेन्द्र कुमार जैन, बाढ-करियादेह नाके के लिए तहसीलदार रवीश कुमार भदौरिया तथा बासंरईया नाके के लिए नायब तहसीलदार नरेश रायपुरिया को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी एसएसटी नाको पर 24 घंटे निगरानी के लिए तीन पालियो में अधिकारियों कर्मचारियों, सहित पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई है। नाको पर वाहनो की चैकिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है तथा निर्धारित प्रपत्र में जानकारी का संधारण किया जा रहा है।

# स्नातकोत्तर एवं बालिका महाविद्यालय में नैतिक मतदान की शपथ का आयोजन



**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अतेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत बढाये जाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं बालिका महाविद्यालय श्योपुर में पीज़ी कॉलेज प्राचार्य डॉ विपिन बिहारी शर्मा तथा स्वीप सहायक नोडल डॉ ओपी शर्मा तथा एनसीसी प्रभारी एवं गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य प्रो अरविन्द कुमार दोहरे द्वारा नैतिक मतदान के लिए शपथ का आयोजन किया गया तथा सभी युवाओ क़ो बगैर डर, भय एवं प्रलोभन के नैतिक मतदान का संदेश दिया गया।

डॉ ओपी शर्मा नें बताया की सभी युवाओ को अपने-अपने गाँव एवं. वार्ड में नैतिक मतदान के प्रति मतदाताओ को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि मतदान दिवस पर सभी मतदाता मतदान के लिए मतदाता परिचय पत्र को लेकर जाये तथा वोटर आईडी के माध्यम से मतदान करें। डॉ रमेश भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियो को नैतिक मतदान करने तथा लगभग चार हजार युवाओ को संदेश भेजकर आगामी 07 मई क़ो नैतिक मतदान का संदेश दिया। उक्त शपथ आयोजन के अवसर पर डॉ रमेश भारद्वाज, डॉ सुभाष चंद्र, डॉ एसएन शर्मा, डॉ सीमा चौकसे, डॉ साजिद अली, डॉ परवीन वर्मा, निशा वर्मा, प्रोफसर प्रकाश अहिरवार आदि उपस्थित रहें।

# व्यय प्रेक्षक धनंजय बेंकट कदम ने किया एमसीएमसी का निरीक्षण





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त किए गए व्यय प्रेक्षक धनंजय बेंकट कदम ने एमसीएमसी कक्ष का शनिवार को निरीक्षण किया। मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया से संबंधित खबरों और पेपर कटिंग के ब्योरे का अवलोकन किया।

## पेड न्यूज, विज्ञापन एवं सोशल मीडिया पर रखी जाये पैनी नज़र

उन्होंने निर्देश दिए कि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया और रेडियो एफएम से संबंधित रेट लिस्ट के आधार पर व्यय संबंधित व्यक्ति के खाते में जोड़ा जाये जिसकी प्रति व्यय लेखा टीम को उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी विशेष निगरानी रखें।

व्यय प्रेक्षक धनंजय बेंकट कदम ने सोशल मीडिया के संबंध में निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी पैनी नज़र रखी जाये। उन्होंने मुरैना जिले के लोकल यूट्यूब चौनल पर चलाई जाने वाले वाली खबरों के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चुनाव पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न करने के लिए यह आवश्यक है कि पेड न्यूज जैसे मामलों पर कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान एमसीएमसी के नोडल एवं वनमंडलाधिकारी स्वरूप दीक्षित सहित प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया पर निगरानी कर रहे कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस ने दबोचे दो फरारी इनामी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बीते पांच साल से फरार चल रहे तीन-तीन हजार रूपये के ईनामी दो बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, बलवा, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचानें और 11, 13 एमपीडीपीके सहित 307 का मामला दर्ज है।

मिली जानकारी के मुताबिक 02 अप्रैल 2018 को हुए उपद्रव के मामले में कोतवाली पुलिस ने मारपीट, बलवा, डकैती एक्ट सहित 307 के तहत केस दर्ज किया था। जिसमें नामजद हरिश्चंद्र जाटव 31 पुत्र लौढूराम जाटव नि. सिग्नल बस्ती मुरैना और सुभाष मलेनिया 42 पुत्र गोपी मलेनिया निवासी सिग्नल बस्ती बीते पांच साल से फरार बने हुए थे। दोनों की गिरफ्तारी पर एसपी मुरैना ने तीन-तीन हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया था। दोनों आरोपियों को पुलिस टीम ने शनिवार को सिग्नल बस्ती से गिरफ्तार कर लिया।

# दिमनी पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब, आरोपी हिरासत में

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले में अवैध शराब / माद्यक पदार्थों की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब का भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय सिंह भदौरिया के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 19.04.2024 को दौराने इलाका भ्रमण कार्य. निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत थाना प्रभारी दिमनी को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम सहरियन का पुरा में अपने



घर के पीछे दीवार की आढ़ में अवैध शराब रखकर बेच रहा है। मुखबिर की सूचना तस्दीक हेतु थाना प्रभारी दिमनी द्वारा मय हमराह फोर्स के मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर चैक किया तो यहां एक व्यक्ति कार्टून के गत्थों में अवैध शराब रखकर बेच रहा था, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा और जब वहां रखे हुए कार्टून के डिब्बों को चैक किया गया तो 08 पेटी देशी प्लेन शराब रखी मिली, जिनमें से 07 पेटियों में सील बंद 50-50 क्वाटर व 01 खुली हुई पेटी में 18 क्वाटर इस प्रकार कुल कुल 368 क्वाटर (66.24 बल्क लीटर शराब कुल कीमती करीबन 29.440/- रूपये की रखी हुई पाई गई। आरोपी से उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेस चाहा गया जो न होना बताया जिस पर से आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय होने से मौके पर से उक्त अवैध शराब को विधिवत समक्ष पंचान जप्त किया एवं उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर थाना वापसी पर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

# युवक की मारपीट, फिर गोली मारी, वीडियो भी बनाया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अयोध्या में रहकर फ्रूट की रेहड़ी लगाने वाले युवक को 3 बदमाशों ने पहले तो पकड़कर बैल्ट से पीटा और उसकी वीडियो बनाई। इसके बाद उन्होंने कट्टे से गोली मार दी, जो युवक के पैर में लगी। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लिखे जाने तक सिटी कोतवाली पुलिस मामले की पड़ताल कर रही थी।



मिली जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली क्षेत्र के इस्लामपुरा दुर्गादास पार्क के पास रहने वाला गोलू 22 पुत्र प्रमोद राठौर अयोध्या में फ्रूट की रेहड़ी लगाता है। कुछ दिन पहले ही वह घर आया था। शनिवार को दुर्गादास पार्क के पास आरोपी कोमल यादव व ललित यादव पुत्रगण सत्यभान यादव निवासीगण इस्लामपुरा ने अपने साथी अतुल खटीक पुत्र हरिओम खटीक निवासी दुर्गादास पार्क के साथ गोलू राठौर को घेर लिया। आरोपियों ने पहले तो गोलू को बेल्टों से पीटा और उसका वीडियो बनाकर इंस्ट्राग्राम पर रील डाली। इसके बाद आरोपी कोमल यादव ने कट्टा निकालकर गोलू पर फ ायर कर दिया। गोली युवक के पैर में लगी, जिससे वह जख्मी हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सरसों बेची, 6.5 लाख रूपये की सरसों जब्त

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शनिवार को कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिला आपूर्ति नियंत्रक संजीव शर्मा को केन्द्रीय भंडार गृह क्रमांक 1 भैंसरोली का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सरसों से भरी हुई एक ट्रेक्टर -ट्रॉली मिली, जिसमें लगभग 50 क्विंटल सरसों भरी हुई थी। निरीक्षण के समय कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने एवं प्रथम दृष्टया व्यापारी का माल होने के संदेह पर ट्रेक्टर-ट्रॉली मय सरसों के जब्त की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 50 हजार रूपये बताई गई है। अग्रिम कार्यवाही हेतु जाँच प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया है। समस्त उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित किसानों के सभी दस्तावेज जमा कराकर ही फसल का उपार्जन

# विकास कार्यों को गति देने भाजपा को आशीर्वाद दें: शिवमंगल सिंह तोमर

## भाजपा उम्मीदवार ने सुमावली के दो दर्जन गांवों में किया जनसंपर्क

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने 20 अप्रैल को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान कई जगहों पर ग्रामीणों ने प्रत्याशी श्री तोमर का पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर ने जतावर, सिहौरी, खाण्डौली, गुढ़ा चंबल, बराहना, नंदपुरा, देवगढ़, मोधनी, बागचीनी, लालबांस, बरौली, बांसी, नाहरदौकी गांवों में मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान हुई नुक्कड़ सभाओं में उन्होंने कहा कि बीते 18 साल में मप्र एवं केन्द्र की भाजपा सरकारों ने मुरैना-श्योपुर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में एबीसी कैनाल रोड का निर्माण हुआ है, जिससे नहर की पट्टी पर बसे गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-श्योपुर ट्रेक पर दौड़ रही ब्रॉडगेज ट्रेन भाजपा सरकार की देन है। प्रत्याशी श्री तोमर ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, पीएम आवास, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसान, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने



कहा कि विकास के रथ का पहिया अनवरत रूप से घूमता रहे, इसके लिए जनता फिर से भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सरकार बनाने का काम करें।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी श्री तोमर के साथ जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार, बागचीनी मंडल अध्यक्ष अमन सिकरवार, बृजकिशोर डण्डौतिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार, सोबरन सिंह गुर्जा, सरपंच हरिश्चंद्र सिकरवार, सामंत सिकरवार अरहेला, तोताराम सरपंच देवगढ़, रामअवतार गुढ़ा चंबल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला थाना पुलिस ने मुरैना एवं कैलारस में 'ऑपरेशन एहसास' के तहत किया कार्यशाला का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के विरूद्ध घटित अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए बालिकाओं को बाल अपराधों, सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में सजग एवं सुरक्षित बनाये जाने के उद्देश्य से समस्त जिलों में ऑपरेशन एहसास के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित किये जाने संबंधी दिशा निर्देश प्रसारित किये गये हैं। उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को ऑपरेशन अहसास के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) जिला मुरैना, श्रीमती बिन्दु परमार के कुशल मार्गदर्शन में कार्य निरीक्षक डिम्पल मौर्य, थाना प्रभारी महिला थाना जिला मुरैना द्वारा मय



हमराह फोर्स सउनि मोहम्मद शाकिर एवं महिला आरक्षक रानी सिसौदिया के साथ ग्लोरियस पब्लिक स्कूल मुरैना (म.प्र.) में ऑपरेशन एहसास के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में लगभग 100 बालक व बालिकायें उपस्थित रहे एवं श्रीमती बिन्दु परमार उपुअ महिल सुरक्षा शाखा एवं रवि सोनेर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कैलारस की उपस्थिति में निरीक्षक सुनील खैमरिया थाना प्रभारी कैलारस एवं उनि. आशा मौर्य द्वारा ऑक्सफोर्ड इंग्लिस सेकेण्डरी स्कूल कैलारस में पहुंचकर ऑपरेशन एहसास के तहत कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। उक्त दोनों कार्यशालाओं के दौरान लगभग 300 बालक व बालिकाओं को गुड टच-बेड टच मानव तस्करी, पॉक्सो एक्ट, साइबर फ्रॉड आदि बिंदुओं के संबंध जानकारी देकर सजग एवं जागरूक रहने की समझाइश दी गई, साथ ही बच्चों को पम्पलेट भी वितरित किए गए।

***सराहनीय भूमिका***

उक्त कार्यशालाओं के आयोजन में निरीक्षक सुनीज खैमरिया थाना प्रभारी कैलारस, कार्य निरीक्षक डिम्पल मोर्य, थाना प्रभारी महिला एवं उनि. आशा मौय थाना कैलारस, सउनि मोहम्मद शाकिर, महिला आरक्षक रानी महिला थाना मुरैना की सराहनीय भूमिका रही है।

# बेटी के ब्याह को समाजसेवियों ने की 11 हजार की मदद

## पिता के निधन के बाद निर्धन परिवार के सामने था आर्थिक संकट

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-


**मुरैना।** सड़क हादसे में पिता का निधन होने के बाद बेटी के ब्याह के लिए परिवार के सामने आर्थिक संकट बना हुआ था। ऐसे समय में अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के सदस्यों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने मदद के लिए अपने हाथ बढ़ाए। मिली जानकारी के मुताबिक कंचनपुर गांव निवासी रामवीर प्रजापति की कुछ महीने पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार के सदस्यों ने बीते दिनों रामवीर की बेटी का रिश्ता तय कर दिया था। 23 अप्रैल को शादी होना तय हुआ। लेकिन परिवार के सामने शादी की व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए



आर्थिक परेशानी थी। ऐसे समय में प्रजापति समाज के युवा साथियों ने आपसी सहयोग से 11 हजार रूपये की राशि एकत्रित की। इस राशि को शनिवार को दिनेश प्रजापति, मोनू प्रजापति ने कंचनपुर पहुंचकर बेटी को

# भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव पर जैन समाज आज निकालेगा चल समारोह

**मुरैना/पोरसा।** जैन समाज पोरसा के द्वारा 21 अप्रैल को दिन रविवार को भगवान महावीर चैत्यालय मंदिर से भगवान महावीर जी का शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो बैंडबाजों के साथ शहर में निकलेगी। उक्त आयोजन महावीर चैत्यालय मंदिर समिति के तत्वाधान में होगा। श्री महावीर चैत्यालय मंदिर के अध्यक्ष शांतिलाल जैन ने हमारे प्रतिनिधि वह बताया कि 21 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 8:00 बजे से भगवान महावीर जी की शोभायात्रा महावीर चैत्यालय मंदिर से शुरू होगी, जो अम्बाह रोड होते हुए दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पर एवं बासु पूज्य मंदिर गांधीनगर होते हुए नसिया जी मंदिर होते हुए सदर बाजार होते हुए चंद्र प्रभु मंदिर पुराना थाना के पास पहुंचेगी।



वहां से शोभा यात्रा सब्जी मंडी रोड अटेर रोड होते हुए महावीर चैत्यालय पर सम्पन्न होगी। आयोजन की व्यवस्थाएं शांतिलाल जैन, अनूप जैन, रविंसेन जैन, सुभाष चंद्र जैन, महावीर जैन नेताजी अध्यक्ष व्यापार संघ, ताराचंद जैन, सुरेश चंद्र जैन, कैलाश जैन, डॉ. महावीर जैन, मंगली प्रसाद जैन, चौधरी कमलेश जैन, मिजाजीलाल जैन, राजीव जैन, विनोद जैन, अवधेश जैन, कमलेश जैन, प्रकाश चंद जैन, नरेश जैन, सुनील जैन, जयकुमार जैन आदि समस्त जैन समाज बंधु चल समारोह में साथ चलेंगे तथा चल समारोह की व्यवस्थाएं देखेंगे। इस चल समारोह में बाहर से पधारे हुए एवं शहर के जैन समाजबंधु लोगों को भोजन व्यवस्था मंदिर समिति के द्वारा कराई जाएगी।

# इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं, गुरु ही गोविंद तक जाने का मार्ग दिखाते हैं: शास्त्री

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** भगवान श्रीकृष्ण जी ने मल्ल युद्ध के दौरान दो-दो पहलवान आने पर बलराम जी अखाड़े में आए तब श्रीकृष्ण जी ने राजा कंस को सिंहासन पर ही मारा। उसके बाद सांदीपनि आश्रम में गुरु महाराज से शिक्षा ग्रहण की शिक्षा गृहण करने के बाद गुरु दक्षिणा में गुरु पुत्र को भगवान श्री कृष्णा जी ने जिंदा यमराज जी से वापस लाकर दिया। उक्त उद्‌गार आचार्य पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए।



श्रीनागाजी सरोवर परिसर में श्रीमती मंजू उमाशंकर गुप्ता के द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा, में आज आचार्य पं. कुंडल कृष्ण शास्त्री ने कंस वध वह संदीपनी आश्रम में गुरु शिक्षा तथा गुरु दक्षिणा में यमराज जी से गुरु पुत्र को जिंदा वापस लाने तथा 64 कलाओं की शिक्षा सीखने के बारे में विस्तार से समझाया गया। श्री शास्त्री ने बताया कि इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है, जो शिक्षा देता है उसे जीवन की नैया पार लग जाती है। गुरु ही अपने शिष्य को इस प्रकार की शिक्षा देता है कि वह जीवन में खुशहाल जिंदगी जी के स्वर्ग जाता है। आज प्रायः देखने को मिल रहा है कि गुरु लोग अपने शिष्य को उचित शिक्षा नहीं दे रहे हैं, जो गुरु के लिए गलत है। लोगों को अपने घर पर पुराण पढ़कर शिक्षा लेनी चाहिए, जिससे सद्‌मार्ग पर चलने की रास्ता प्रशस्त हो जाए। सद्‌मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की संतान भी सद्‌मार्ग पर चलती है।

संतों के लिए प्रतिदिन भंण्डारा प्रसादी चल रही है, जिसकी व्यवस्थाएं हरीशंकर गुप्ता, अजीत गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, हरेन्द्र गुप्ता आदर्श गुप्ता, अतुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, विनोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, राकेश गुप्ता उर्फ नागाजी, बृजेश गुप्ता, सतीश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, रूद्र गुप्ता, राधव गुप्ता, उमेश गुप्ता सभी भक्तों ने देखी।

## प्रशिक्षण प्राप्त करने में कोई गलती न करें

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में पॉलीटेक्निक कॉलेज में पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण 15 कक्षों में सुबह और शाम दो पालियों में जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के तौर पर जिला शिक्षाधिकारी एके पाठक ने कहा कि मतदान दल प्रशिक्षण प्राप्त करने में कोई गलती न करें, आवश्यकता हो तो बार-बार पूछें किंतु चुनाव के दौरान कोई गलती नहीं होनी चाहिये। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर भी मौजूद थे।

# लोकतंत्र की सफलता के लिए अधिक से अधिक मतदान करें: शर्मा



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** मुरैना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जौरा एवं विकासखंड रिसोर्स पर्सन के मार्गदर्शन में एक सैकड़ा से अधिक शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं संचालकों की बैठक का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरा में किया गया, जिसको संबोधित करते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य भी है और अधिकार भी लोकतंत्र की सफलता अधिक से अधिक मतदान करने में निहित होती है। अतः हमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। मतदान हमारा कर्तव्य भी है। हम सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर बीआरसी राजीव सिंह जादौन ने मतदान के फायदे और मतदान न करने पर होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर एचएल पब्लिक स्कूल के संचालक एलएन त्यागी, सीएसी राकेश त्यागी, अवध किशोर शर्मा, रविंद्र दुबे सहित एक सैकड़ा से अधिक शासकीय और आशासकीय विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता गोष्ठी के बाद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरा मुरैना से सदर बाजार की ओर एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें मतदान को प्रेरित करने वाले नारे भी शिक्षक शिक्षकों ने लगाये।

# शुकदेवजी ब्रह्मरात, राजा परीक्षित का नाम विष्णुरात: कान्हा महाराज

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बासी नहर की पुलिया के पास किशननगर स्थित बीआर डंडोतिया फार्म हाउस पर इन दिनों संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा का वाचन चम्बल के गौरव सुविख्यात कथावाचक भागवत भूषण पं. श्री कृष्णकान्त खैमरिया कान्हा महाराज कर रहे हैं। कथा के दूसरे दिन मे भगवान के अवतार का कारण एवं 24 अवतारो के विषय मे विस्तार से सुनाया गया। कथा के दौरान राजा परीक्षित के जन्म कर्म की कथा को सुनाया गया। कथावाचक ने कहा कि जब राजा परीक्षित के द्वारा शमीक ऋषि के गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया गया। बदले में शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ने राजा को श्राप दिया कि आज से ठीक सातवें दिन तक्षक नामक सर्प के डसने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। श्राप के बारे में सुनते ही राजा परीक्षित राजपाट का त्याग करके गंगा के तट पर अनशन व्रत करके बैठ गये, तब राजा के कल्याणार्थ अनेकानेक महात्मा वहां पहुंचे, लेकिन भगवद विग्रह वाले भगवान वेदव्यास जी के सुपुत्र शुकदेव जी को आता हुआ देखकर राजा परीक्षित को अति प्रसन्नता हुई, उन्हें सम्मानपूर्वक बिठाया तथा चरणों में वंदना करके मुक्ति का कारण पूछा, तब शुकदेव जी ने सविस्तार राजा को श्रीमद् भागवत की कथा सुनाना प्रारम्भ किया। शुकदेव जी को ब्रह्मरात एवं राजा परीक्षित को विष्णुरात नाम दिया गया है। जब शुकदेव जी व्यास जी की धर्मपत्नी के गर्भ में थे तब ब्रह्म स्वरूप वेदव्यास जी ने शुकदेव जी की गर्भ में रक्षा की और जब राजा परीक्षित मां उत्तरा कर गर्भ में थे, तब स्वयं भगवान विष्णु नारायण ने गर्भ में इनकी रक्षा की, इसलिए इनको विष्णुरात कहा गया। कथा के मध्य मनमोहित करने



वाली सुंदर झांकियों के माध्यम से भगवान का चरित्र चित्रण कराया जा रहा है। कथा के परीक्षित श्रीमती शान्ति देवी-ठा. किशन सिंह डंडोतिया हैं। निवेदक- बंटी डंडोतिया, राजेश दंडोतिया बी.आर कंस्ट्रक्शन कम्पनी है। यह आयोजन 25 अप्रैल तक चलेगा। 26 अप्रैल को भंडारा होगा। कथा समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक है।

# मतदाताओं को जागरूक करने उटीला पहुँची कलेक्टर

**ग्वालियर।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान शनिवार को ग्राम उटीला पहुँची। इस अवसर पर महिलाओं की मौजूदगी में स्वीप के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने सभी को 7 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही आह्वान किया महिलाएँ इस बार बढ़चढ़कर और उत्साह के साथ वोट डालने जाएँ। उन्होंने कहा लोकतंत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी तो मतदान प्रतिशत में निश्चित ही बड़ा इजाफा होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप (ग्रामीण) नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने पहली बार वोट डालने जा




रहे मतदाताओं के साथ संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता, कविता और लोक गीतों के माध्यम से जनसमुदाय को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पहली बार वोट डालने जा रही नव वधुओं को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालिकाओं को प्रमाण पत्र देकरसम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रैली निकालकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी, विधान सभा स्वीप नोडल अधिकारी डीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर, सीईओ जनपद पंचायत मुरार अतुल सक्सेना, बीआरसी मुरार हरिचरण शाक्य, सीएसी मुरार, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, आशा कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, बीएलओ और बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ मुरार सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# एमआईटीएस में विश्व स्तरीय छात्र सम्मेलन, नवीन तकनीकों पर की चर्चा

**ग्वालियर।** माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एमआईटीएस) में बहुविषयक और वर्तमान तकनीकी अनुसंधान पर अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन आई.ई.ई.ई. एमपी अनुभाग, आई.ई.टी.ई., आई.ई.ई.ई. कंप्यूटर सोसायटी, आई.ई.ई.ई. पीईएस छात्र अध्याय एमआईटीएस और एम.डी.एल.आर.सी. क्लब एमआईटीएस के अंतर्गत किया गया। सम्मलेन के ऑफलाइन मोड के 7 समानांतर ट्रैक्स में 34 शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया और विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं को नवीन तकनीकी पर चर्चा करने के अवसर प्रदान किये



गए। अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन पर संस्थान की डीन (एकेडमिक्स) एवं समन्वयक डॉ. मंजरी पंडित ने बताया कि यह सम्मेलन छात्रों के लिए एक अद्वितीय अवसर है। जहां वे विभिन्न तकनीकियों में अध्ययन किये गए शोध कार्यों को प्रस्तुत कर सकते हैं और वास्तविक जीवन की चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत कर सकते है। अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन के पेट्रोन एवं संस्थान के डायरेक्टर डा. आरके पंडित ने विचारों की विविधता एवं समागम से प्राप्त होने वाले तकनीकी समाधानों की महत्ता पर विचार प्रस्तुत किया। अंत में डा. पंडित ने अनुधानिक शोध कार्यो में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफथिंग्स इत्यादि की महत्ता पर विचार प्रस्तुत किये। समेल्लन में उपस्थित डा. एमके गौर, डा. मनीष दीक्षित एवं डा. पीके सिंघल ने बहुविज्ञानिक अनुसंधान पर लेखन का महत्व, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शोध को बढ़ावा देते हुए छात्र सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार प्रस्तुत किया। सम्मेलन के उदघाटन सत्र के दौरान एमआईटीएस जर्नल, खंड 01, अंक 01 का विमोचन और आईएसएम सीटीआर 2023 की सम्मेलन पुस्तक प्रोसेदिंग्स का अनावरण भी किया गया। इस मौके पर जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य भी उपस्थित थे।

# धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने वाले की कभी हार नहीं होती : पं. रामनरेश उपाध्याय

**ग्वालियर।** धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने वाले की कभी हार नहीं होती। धर्म पर चलने वाला साधारण व्यक्ति नई ऊंचाइयों को छूता है। वही अधर्म के मार्ग पर चलने वाले को कुछ समय तक खुशियां तो मिल सकती है लेकिन उसका पतन होना निश्चित है। यह बात श्री बालाजी मठ मंदिर लोक न्यास द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में कथावाचक पं. रामनरेश उपाध्याय ने कही। उन्होंने शनिवार को युद्ध खंड, त्रिपुरासुर वध, जालंधर वध, शंखचूड़ वध की कथा सुनाई। इससे पहले सुबह संस्था के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे और सचिव ज्योति दुबे ने प्रधान कुंड ने आहुतियां डाली। दुबे ने बताया कि श्री रुद्र महायज्ञ में 2,19,500 आहुतियां डाली जाएगी। इसमें प्रतिदिन 21000 आहुतियां डाली जा रही हैं। इससे वायुमंडल की शुद्धि और वर्षा का योग बनता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ का स्वरूप भगवान विष्णु का है। अध्यात्म दृष्टि से भगवान की प्रसन्नता और चतुर वर्ग की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि श्री रुद्र महायज्ञ के फ्ल के साथ ही शिव महापुराण कथा के श्रवण से व्यक्ति के जीवन में नया परिवर्तन होता है। साथ ही हमारा अंतरूकरण पवित्र होकर निर्मल बनता है और परमात्मा के प्रति अनुराग जागृत होता है।

इसी तरह जलंधर भी समुद्र का बेटा था और यह भी ब्रह्मा से वरदान पाकर के बहुत ही शक्तिशाली हो गया। जब इसको पता चला की राहु का शिरच्छेद विष्णु ने किया है और वह



उनका विरोधी हो गया। उसके बाद उसने देवताओं पर चढ़ाई की और सारे देवताओं को उनके स्थान से निकाल दिया। इस कारण यह देवताओं का वैरी हो गया। अंत में युद्ध में भगवान शंकर के हाथों मारा गया।

उन्होंने बताया कि त्रिपुरासुर तीन असुर थे। इनके नाम तारकाक्ष, विद्युन्माली, कमलाक्ष थे। यह तीनों ब्रह्मा जी से प्राप्त स्वर्ण चांदी और लोहे के तीन नगरों में रहते थे। यह शंकर जी के सिवाय किसी और के द्वारा मारे नहीं जा सकते थे। ऐसा वरदान पाकर इन्होंने त्रिलोकी में हाहाकार मचा दिया। देवताओं का राज्य छीन लिया। यह शिव भक्त भी थे और नित्य नियम से वेद और कर्मकांड के मार्ग पर चलकर अपना जीवन प्रजापालन करते थे। परंतु देवताओं से द्वेष रखते थे। इसलिए देवता परेशान हो गए।

अतः देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने कपाली का वेश रखकर इन्हें वेद विरुद्ध मार्ग की दीक्षा दी और इसका शिव भक्ति से मन हटा दिया। उन्हें वेद विरुद्ध मार्ग पर कर दिया। इस तरह अपने मार्ग से च्युत होकर इन तीनों दैत्यों का विनाश करने के लिए भगवान शंकर आए और उन्होंने उनके तीनों नगरों को भस्म कर दिया। इस तरह इन तीनों का नाश हुआ।

# पूर्व गृहमंत्री मिश्रा ने ली पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य की जानकारी

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा शनिवार को सीहोर



पहुंचे और श्री कुबेरेश्वर धाम के पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। पूर्व मंत्री ने श्री कुबेरेश्वर महादेव भगवान से पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र स्वास्थ लाभ की प्रार्थना की है। यहां बता दें कि बीते दिनों पंडित प्रदीप मिश्रा को सीहोर में एक जुलूस के दौरान किसी ने उन पर नारियल फेंक दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोट आ गई थी।

## जेयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

ग्वालियर। प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्यप्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण का आयोजन आज 20 अप्रैल को शाम 4.30 बजे किया जा रहा है।

संगोष्ठी के संयोजक प्रो. हेमन्त शर्मा एवं आयोजन सचिव प्रो. शान्तिदेव सिसोदिया के अनुसार संगोष्ठी का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा की ऐतिहासिकता से परिचय करने के साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को सारगर्भित करना है। इस एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय परम्परा से जुड़े विभिन्न आयामों तथा वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. साहित्य कुमार नाहर, कुलगुरु, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय,ग्वालियर होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. अविनाश तिवारी, कुलगुरु, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर करेंगे। विषय प्रवर्तन डॉ. उमा शंकर पचौरी, उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय शिक्षण मण्डल करेंगे। अन्य वक्ताओं में प्रो. अरविद शुक्ला, कुलगुरु विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, प्रो. एस.एन. सिंह निदेशक अटल बिहारी बाजपेयी प्रोद्योगिकी एवं प्रबंध संस्थान ग्वालियर, प्रो. आलोक शर्मा निदेशक भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान होंगे।

# क्वालिटी सर्किल की राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न, प्रतिभागी पुरूस्कृत



**ग्वालियर।** एबीवीआईआई आईटीएम में टी क्यूएम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने नौ हाल में 72 प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यस्थल पर किए गए सुधारों को प्रस्तुत किया।

निर्णायकों को डीके श्रीवास्तव, अध्यक्ष क्यू सीएफआई अविनाश मिश्रा एवं एके मित्तल ने सम्मानित किया। निर्णायकों में नरेंद्र कुमार शर्मा, टीएन श्रीवास्तव, जयराम मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, संदीप खेड़कर, अजय शर्मा, श्रीमती रेखा तिवारी, श्रीमती जयति मुखर्जी, तरुण गुलाटी शामिल थे। इसके बाद प्रस्तुतियों के परिणाम घोषित किए गए। 39 टीम्स ने पार एक्सीलेंट अवार्ड जीता, जबकि 30 टीम्स ने एक्सीलेंट अवार्ड जीता। इस अवसर पर अविनाश मिश्रा ने कहा की यह अधिवेशन एक नई शुरुआत की दस्तक है जिसकी गूंज दूर तक जाएगी।

इस कन्वेंशन में जेके टायर की दो टीम, गोदरेज कंज्यूमर से आठ टीम ने हिंदुस्तान जिंक एवं वेदांता से बारह, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स से चौदह टीम, भारत एल्यूमीनियम से ग्यारह, ग्वालियर ग्लोरी स्कूल से एक, मोंडलेज इंडिया से तीन, सूर्य रोशनी से एक, भारतीय विद्या निकेतन से दो, जेएसडब्लू से दो, सिंधिया कन्या विद्यालय से एक, सिरपुर पेपर से एक, टोरेंट पावर से एक टीम एवं अन्य संस्थानों से टीम्स ने भागीदारी की। सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि हम भारतीय अर्थो में सुधार प्रक्रिया के विभिन्न मॉडल्स को आत्मसात कर रहे है। निदेशक आईआईआईटीएम एसएन सिंह ने विस्तार से 26 साल पहले स्थापित इस संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी निदेशक डी के श्रीवास्तव ने बताया कि इस अधिवेशन में भागीदारी करने वाली सभी टीम्स राष्ट्रीय अधिवेशन में भागीदारी कर सकेगी। अविनाश उपाध्याय ने मूल्य आधारित कार्य पद्धति पर जोर दिया। इस मौके पर सूर्या रोशनी के तपन भट्टाचार्य को लीडरशिप अवार्ड, मैक्सीमम भागीदारी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स की सुश्री महिमा, बेस्ट टी क्यूएम आर्गेनाइजेशन, वेदांता झारसीगुड़ा को अतिथियों ने मंच पर सम्मानित किया। अंत में शैली भट्टाचार्य और अनुपमा टंडन को संयोजन के लिए सम्मानित किया गया। सूर्या रोशनी के तपन भट्टाचार्य ने टी क्यूएम यात्रा के अनुभवों को लोगों को साथ बांटा। धन्यवाद ग्वालियर चैप्टर के सचिव थॉमस मैथ्यू ने किया।

# कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों से बरामद कीं सात मोटरसाईकिल

## टीआई आलोक सिंह परिहार की टीम को मिली सफलता





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिला मुरैना में घटित हुई दो पहिया वाहन चोरी के प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पतारसी, गिरफ्तारी एवं माल-मशरूका की बरामदगी एवं ईनामी फरारी बदमाशों की धरपकड़ हेतु जिला मुरैना के समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक आलोक सिंह परिहार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को दिनांक 19.04.2024 को जरिए विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अम्बाह बायपास यादव ढाबा के पास दो व्यक्ति चोरी की हुईं 02 मोटर साइकिल बेचने के उद्देश्य से खड़े हुए हैं। मुखबिर की उक्त सूचना की तस्दीक हेत पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर तलाश की गई तब मुखबिर द्वारा बताये गए हुलिए के व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़कर आरोपियों से उनका नाम पता पूछा तो पहले आरोपी न अपना नाम शैलेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण राजावत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हुजुका पुरा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर राजस्थान होना बताया एवं दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम अजय पुत्र अशोक गोस्वामी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम भागीरथ का पुरा मौजा सहराना थाना सिविल लाइन मुरैना का होना बताया। तदोपरांत आरोपीगण से कब्जे से उक्त मोटर साइकिलों क वैध दस्तावेज चाहे गए। दस्तावेज न होने से उक्त मोटर साईकिलों को थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 145/24, 268/24 धारा 379 में चोरी गया मशरूका होने से मौके पर से जप्त किया गया एवं आरोपीगण को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। दौराने विवेचना आरोपीगण से हिकमतअमली से पूछताछ की गई तो उक्त आरोपीगण द्वारा अपने एक अन्य साथी साथ मिलकर शहर से मोटर साइकिल चोरी करने की घटनाओं को कारित करना बताया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपीगणों से पृथक-पृथक धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत मैमो लिया गया, जिसमें उनके द्वारा चोरी की हुई मोटर साइकिल अपने साथी के घर पर भागीरथ का पुरा सहराना में होना बताया। आरोपीगण की निशादेही पर उनके साथी के घर ग्राम सहराना भागीस्थ का पुरा से 05 चोरी की गई मोटर साइकिलें जप्त की गई। आरोपीगण के अन्य सह आरोपी की तलाश जारी है जिसे भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

आरोपीगण शैलेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण राजावत उम्र 22 वर्ष निवासी हुजुका पुरा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर, अजय पुत्र अशोक गोस्वामी उम्र 20 वर्ष निवासी भागीरथ का पुरा मौजा सहराना थाना सिविल लाइन मुरैना का आपराधिक रिकॉर्ड निम्नानुसार हैः-

1. थाना- कोतवाली, अपराध क्र. 145/24, धारा 379 ताहि
2. थाना- कोतवाली, अपराध क्र. 268/24, धारा 379 ताहि
3. थाना- कोतवाली, अपराध क्र. 272/24, धारा 379 ताहि

साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा ईनामी फरारी बमदाशों के धरपकड़ हेतु संचालित कराये जा रहे विशेष अभियान के अतर्गत कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मय हमराह फोर्स के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 326/2018 धारा 147, 148,149, 353, 323, 294, 307 भादवि, 11,13 एमपीडीपीके एक्ट में लगभग 05 वर्षों से फरार चल रहे आरोपीगणों विश्वसनीय मुखबिर को सूचना पर से अम्बाह बायपास मुरैना से आरोपी हरीशचंद्र पुत्र लोडूराम जाटव उम्र 31 वर्ष निवासी सिंघल बस्ती मुरैना, आरोपी सुभाष पुत्र गोपी मलेनिया उम्र 42 वर्ष निवासी सिंघल बस्ती मुरैना को गिरफ्तार किया गया। यह उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपीगण पर तीन-तीन हजार रूपये का ईनाम उद्घोषित था। आरोपीगणों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### जप्त मशरूका का विवरण

1. अपाचे काले रंग की, चैसिस नं. MD634AE99N2K00569, इंजन नं. AE9KN2900632, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. RJ14KZ4113
2. अपाचे लाल रंग की, चैसिस नं. MD634BE46J2C23508, इंजन नं. BE4CJ2423248, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. UP80EU6058
3. पल्सर काले रंग की, चैसिस नं. MD2A11CZ7DWF16762, इंजन नं. DHZWDF60330, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. UP32FA7644
4. स्पलेण्डर, चैसिस नं. MBLHA10AMCHL07582, इंजन नं. HA10EJCHL28692, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. MP07MQ5249
5. पेशन प्रो, चैसिस नं. HA10AHGG36465, इंजन नं. HA10EDAGG05701, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. MP06MD6896
6. पल्सर पीले रंग की, चैसिस नं. MD2A55FZ8FCD30756, इंजन नं. JLZCFD18725, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. MP31MD1434
7. सुजुकी एक्ससे स्कूटी, चैसिस नं. MB8DP11AEK8D33189, इंजन नं. AF212048157, वाहन का रजिस्ट्रेशन नं. MP06SA5420

***सराहनीय योगदान***

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक आलोक परिहार थाना प्रभारी कोतवाली मय स्टाफ उनि शिवम चौहान, उनि कपिल पाराशर, सउनि जेपी शर्मा, प्रधान आरक्षक विश्वनाथ, जितेन्द्र सिंह, अनिल राठौर, सुनील यादव, सत्यवीर, आरक्षक सत्यम शर्मा, कुलदीप जाट, अर्जुन जाट, सूरज राठौर की सराहनीय योगदान रहा।

# 16 उम्मीदवारों के फॉर्म सही पाये गये

## लोकसभा निर्वाचन 2024 नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में दूसरे चरण के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुरैना-श्योपुर के लिये अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शुरु हुई। लोकसभा निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का कार्य आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य प्रेक्षक डॉ. कौरा लक्ष्मी, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के प्रस्थापक एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अवधि के दौरान 18 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें से 16 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये। जबकि 2 अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाये जाने पर अस्वीकृत किये गये। इनमें समता



समाधान पार्टी से राकेश नागर और निर्दलीय अभ्यर्थी अनन्त कुमार के नामांकन निरस्त किये गये हैं।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में बहुजन समाज पार्टी से रमेश चंद्र गर्ग, भारतीय जनता पार्टी से शिवमंगल सिंह तोमर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सत्यपाल सिंह सिकरवार, बहुजन मुक्ति पार्टी से राजेन्द्र प्रसाद कुशवाह, आजाद समाज पार्टी (काशीराम) से नीरज चंदसोरिया, निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अनूप, पीयूष बृजेश राजौरिया, प्रभु जाटव, मधुराज तोमर, राजकुमारी, राजेन्द्र सिंह गुर्जर, रामनिवास, रामसुंदर शर्मा, रामसेवक सखवार, इंजी. सूरज कुशवाह और हरिकंठ के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये जाने पर स्वीकृत किये गये।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. कौरा लक्ष्मी द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुरैना-श्योपुर के लिये प्रस्तुत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कार्यवाही का अवलोकन और परीक्षण किया गया। संवीक्षा कार्य के दौरान एआरओ प्रदीप तोमर उपस्थित रहे।

### नाम वापसी 22 अप्रैल को

निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार प्रत्याशियों द्वारा अभ्यर्थिता से नाम वापसी 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक की जा सकेगी। इसी दिन शेष बचे अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा मतदान 07 मई को होगा।

# बाइक रैली निकालकर मतदान करने के लिये दिया संदेश



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत भंडॉली में बाइक रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। संदेश में ग्रामीण लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने का आवाहन किया जा रहा था। इसके साथ ही अपने बूथ की साफ-सफाई, बैनर लगाकर मतदाता जागरूकता स्लोगन का पाठ कराना, रैली निकाल कर जागरूकता से संबंधित नारे लगाना, जनपद अंबाह द्वारा मतदाता जागरूकता का गीत भी सचिव द्वारा लाँच किया गया। सभी से शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करते हुए पहले मतदान हेतु प्रेरित गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह के छोटे भाई पर प्राणघातक हमला

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अम्बाह थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम रूअर में गत दिवस चुनाव प्रचार के दौरान तीन नामजद आरोपियों ने कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार के भाई नरेन्द्र सिंह सिकरवार व अन्य लोगों पर गोली चलाकर प्राणघातक हमला किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी गुड्डू उर्फ योगेन्द्र सिंह तोमर ने नरेन्द्र सिंह सिकरवार के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुझे ज्ञात हुआ कि नरेन्द्र सिंह सिकरवार चुनाव प्रचार करने आये हैं तो मैं भी उनके साथ चुनाव प्रचार के लिए चला गया, तभी बाबू तोमर की दुकान के सामने सोनू तोमर व उसका भाई गब्बर तोमर, अभिषेक उर्फ भोला तोमर व अमन तोमर दो मोटरसाईकिलों से आये और सोनू तोमर ने पिस्टल से मेरे ऊपर चार फायर किए। मैंने किसी तरह अपनी



जान बचाई। फरियादी ने बताया कि वर्ष 2015 में सोनू तोमर की माँ व मेरी पत्नी संगीता सरपंची का चुनाव लड़े थे, जिसमें संगीता विजयी हो गई थी। तभी से सोनू तोमर का परिवार हमसे रंजिश रखता है। फरियादी ने बताया कि वर्ष 2021 में उसके बड़े भाई कल्लू उर्फ प्रह्लाद ने भी मुझ पर फायर किया था। फिलवक्त पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।